
वर्ष : 33 ➧ अंक : 316 ➧ पृष्ठ : 8 ➧ मुंबई, शनिवार, 1 फरवरी 2025 ➧ RNI: MAHHIN/49994/91 ➧ मूल्य : 3 रुपए ➧ epaper.dobajedopahar.com ➧ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





# आज आएगा आम बजट

### बजट के दिन कैसा रहेगा वित्त मंत्री का कार्यक्रम

**सुबह 08:15 बजे** सुबह सबसे पहले वित्त मंत्री टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी

**08:45 बजे** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर 2025-26 के बजट की मंजूरी लेंगी

**09:45 बजे** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी टीम के साथ संसद पहुंचेंगीं

**10:00 बजे** कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें बजट 2025-26 को मंजूरी दी जाएगी

**11:00 बजे** वित्त मंत्री लोकसभा में 2025-26 का बजट पेश करेंगी

## बजट को लेकर मिनट टू मिनट शेड्यूल

बजट के दिन शनिवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री मंत्रालय पहुंचकर सबसे पहले बजट 2025 तैयार करने वाली अपनी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी। सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर वित्त मंत्री महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात कर बजट की मंजूरी लेंगी। गुरुवार की सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद पहुंचेंगी। सुबह 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी जिसमें बजट को मंजूरी दी जाएगी। सुबह 11 बजे वित्त मंत्री संसद में वर्ष 2025 का बजट पेश करेंगी। बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बजट 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद करीब 3 बजे वित्त मंत्री सीतारमण बजट टीम के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। शाम 5-6 बजे के बीच वित्त मंत्री मीडिया से बात करेंगी।

## रोजगार और कारोबार पर अधिक ध्यान

सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ाना चाहती है। इसके लिए सरकार ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, कृषि, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए बजट बढ़ाने के साथ ही नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। देश में औद्योगिक गति को बढ़ावा देने के लिए बड़े परियोजनाओं के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अधिक वित्तीय सहयोग दिए जाने का ऐलान हो सकता है। मौजूदा समय में देश की जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 17 फीसदी है, जिसे सरकार बढ़ाकर 25 फीसदी पर ले जाना चाहती है। विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ने का मतलब है कि इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी तेजी से पैदा होंगे। इसके साथ ही कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने पर भी बजट केंद्रित हो सकता है।-

## ● बजट में गरीब और महिलाओं के लिए नई पहलों की होगी घोषणा

### वित्त मंत्री दे सकती हैं मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2025 को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आम बजट पेश होने से एक दिन पहले शुक्रवार को अपनी सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने संकेत दिया है कि बजट में गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ-साथ महिलाओं के लिए नई पहलों की घोषणा की जा सकती है।

### बड़ी घोषणाएं किए जाने की संभावना

देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बजट के जरिए बड़ी घोषणाएं किए जाने की संभावना है। मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर करों का बोझ कम किया जा सकता है, जिसके लिए पुरानी और नई आयकर व्यवस्था के तहत करदाताओं को अधिक छूट दिए जाने की संभावना है। उम्मीद है कि सरकार नई आयकर व्यवस्था के तहत कर दरों में बदलाव के साथ ही कर दर में भी परिवर्तन का ऐलान कर सकती है। करों का बोझ कम हो सकता है

### पूंजीगत लाभ कर में भी बदलाव संभव

वित्तीय वर्ष 2024-25 के आम बजट में सरकार ने लघु और दीर्घ अवधि पूंजीगत लाभ पर लगने वाले कर में इजाफा किया गया। लघु अवधि पूंजीगत लाभ पर कर को 15 से 20 फीसदी कर दिया था। वहीं, दीर्घ अवधि पूंजीगत लाभ कर पहले 10 फीसदी कर लगता था, लेकिन इसे बढ़ाकर 12.5 फीसदी कर दिया था। अब मांग की जा रही है कि दोनों तरह के पूंजीगत लाभ करों में कमी होनी चाहिए, जिसमें बदलाव होने की संभावना है।

### महिलाओं को लेकर घोषणाएं संभव



शुक्रवार को बजट सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं मां लक्ष्मी से प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर समुदाय पर विशेष कृपा हो। इसके साथ ही उन्होंने उन्होंने नारी शक्ति और समग्र विकास पर जोर दिया, जिससे ऐसे में साफ है कि सरकार मध्यम वर्ग और महिलाओं के हित में बड़ी घोषणाएं कर सकती है। महिला सम्मान बचत योजना 31 मार्च 2025 तक लागू है। संभावना है कि सरकार योजना की अवधि को आगे बढ़ाने का ऐलान करे, जिससे अधिक महिलाएं योजना का लाभ उठा सकें। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अलग से कोई विशेष योजना ला सकती है, जिससे उन्हें सस्ती दरों पर आसानी से ऋण मिल सके।

# पेश हुआ आर्थिक सर्वेक्षण

## 6.4% की रफ्तार से बढ़ सकती है देश की GDP

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट सत्र के पहले दिन 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। यह सर्वेक्षण देश की आर्थिक प्रगति और चुनौतियों की समीक्षा करने वाला सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) वी. अनंत नागेश्वरन और उनकी टीम ने तैयार किया था। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। भारत की आर्थिक विकास दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही थी। नागेश्वरन ने कहा कि भारत स्थिर विकास के रास्ते पर है, लेकिन वैश्वीकरण धीमा हो रहा है। यह बदलाव भारत के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों लेकर आ सकता है। निरंतर विकास बनाए रखने के लिए, भारत को आर्थिक सुधारों पर ध्यान देना होगा और अपनी युवा कार्यशक्ति का सही उपयोग करना होगा।




### भारत की मजबूत आर्थिक नींव

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारत के वित्तीय और कॉर्पोरेट सेक्टर अच्छे स्थिति में हैं। मजबूत सरकारी नीतियां, स्थिर निजी खर्च और वित्तीय अनुशासन अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। हालांकि, वैश्वीकरण की धीमी गति भविष्य में कुछ मुश्किल पैदा कर सकती है।

### भारत की अर्थव्यवस्था 6 .2 प्रतिशत की दर से बढ़ी



वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (H1 FY25) में भारत की अर्थव्यवस्था 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी। पहले तिमाही (Q1 FY25) में विकास दर 8.3 प्रतिशत रही, लेकिन दूसरी तिमाही (Q2 FY25) में औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों के कारण यह घट गई। कृषि और सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा, जबकि वैश्विक मांग में कमी और आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटों के कारण विनिर्माण क्षेत्र (मैन्युफैक्चरिंग) को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सर्वे में कहा गया है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले एक से दो दशक तक 8% के दर से आर्थिक विकास करना होगा।

### FY25 में भारत की जीडीपी का प्रदर्शन

FY25 की पहली तिमाही (Q1) में भारत की जीडीपी 6.7 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन दूसरी तिमाही (Q2) में यह घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक मिश्रित प्रदर्शन को दर्शाता है, हालांकि साल की शुरुआत मजबूत रही थी।

### भारतीय उपभोक्ताओं पर आलू, प्याज, टमाटर की मार

बजट सत्र के पहले दिन पेश आर्थिक समीक्षा के अनुसार टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रही हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि कुछ क्षेत्रों में असमान मानसून के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण कीमतों पर दबाव आया, जिससे चालू वित्त वर्ष के दौरान सब्जियों की मुद्रास्फीति दर और खाद्य महंगाई में वृद्धि हुई। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि टमाटर, प्याज और आलू को मूल्य के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील सब्जियां माना जाता है, जो खाद्य मुद्रास्फीति और समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को प्रभावित करती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तीन तिमाहियों में औसत खाद्य मुद्रास्फीति दर 6.5% रही, जो वर्तमान दर से 1.9% कम है।

### शिक्षा के बुनियादी ढांचे की मजबूती पर ज़ोर

स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे की मजबूती का जिक्र करते हुए आर्थिक सर्वेक्षण में शिक्षा पर ज्यादा खर्च का संकेत दिया गया है। स्कूली शिक्षा में शत प्रतिशत नामांकन लक्ष्य की ओर बढ़ने के साथ उच्च शिक्षा के लिए मौजूदा शैक्षिक नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को दोगुना करने की बात सर्वे में है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 14.72 लाख स्कूल हैं, जिनमें 24.8 करोड़ छात्र पढ़ते हैं और इन स्कूलों में 98 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। सरकारी स्कूल कुल स्कूलों का 69% हिस्सा है, जिनमें 50% छात्र नामांकित हैं और 51% शिक्षक कार्यरत हैं। जबकि निजी स्कूलों में कुल स्कूलों का 22.5% हिस्सा है, जिनमें 32.6% छात्र नामांकित हैं और 38% शिक्षक कार्यरत हैं। स्कूली शिक्षा में 2030 तक 100% नामांकन का लक्ष्य सरकार ने तय किया है। प्राथमिक शिक्षा (कक्षा 1-5) में नामांकन पहले ही लगभग 93% तक पहुंच चुका है। माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 6-10) में यह दर 77.4% है। उच्चतर माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 11-12) में नामांकन 56.2% है, जिसे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खुदरा महंगाई में आई कमी, लेकिन दाल और सब्जी ने लोगों को किया परेशान

### नियंत्रण में रहेगी महंगाई

सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभिन्न क्षेत्रों में हुए कार्यों के साथ ही भविष्य की अनुमान भी जताया गया। कृषि क्षेत्र 3.8 और औद्योगिक क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। निर्माण गतिविधियों और विद्युत, गैस, जलापूर्ति व अन्य सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि दर से औद्योगिक विकास को मदद मिलेगी। वित्त, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाएं, सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में बढ़ती गतिविधियों की वजह से सेवा क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। आगामी वित्तीय वर्ष में महंगाई दर नियंत्रण में रहने का अनुमान हैं। वित्तीय वर्ष 2026 में देश की औसत महंगाई दर चार प्रतिशत के लक्ष्य के करीब आ जाएगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। आगामी वित्त वर्ष की पहली छमाही में खाद्य वस्तुओं की महंगाई कम रहने का अनुमान। ग्रामीण क्षेत्र में खपत में बढ़ोतरी देखने को मिलने की संभावना। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी रहेगी।

### सोने के दाम गिरेंगे, चांदी और उछलेगी



वर्ष 2025 में सोने की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। आर्थिक समीक्षा 2024-25 में यह बात कही गई है। समीक्षा में कहा गया है कि जिंसों की कीमतों में 2025 में 5.1 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। कीमती धातुओं में, खासकर सोने की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है।

## जीबीएस वायरस से एक और मौत



डीबीडी संवाददाता । पुणे

पुणे जिले में एक सरकारी अस्पताल में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित 36 साल के शख्स की मौत हो गई, जिससे राज्य में संदिग्ध जीबीएस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरीज एक कैब सेवा प्रदाता कंपनी में चालक के रूप में काम करता था और उसे 21 जनवरी को पिंपरी चिंचवड़ स्थित यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल (वाईसीएमएच) में भर्ती कराया गया था।

# शिवसेना शिंदे गुट के नेता अशोक धोड़ी की हत्या

अमित बृज । पालघर

पालघर जिले के शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के नेता अशोक धोड़ी के हत्या की हत्या कर दी गयी है. अशोक धोड़ी 20 जनवरी से लापता थे। खुद के परिजनों ने ही संपत्ति विवाद के चलते हत्या की है। पालघर जिले के डहाणू विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना (शिंदे गुट) के संगठक अशोक धोडी के अपहरण के मामले में नया मोड़ सामने आया है। 20 जनवरी को गुमशुदा अशोक धोड़ी की बारह दिनों की गहन जांच के बाद, पुलिस की आठ टीमों ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अशोक धोड़ी की हत्या की बात स्वीकार की है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने धोड़ी की हत्या के बाद उनके शव को उनकी ब्रेजा कार सहित गुजरात में एक खदान में 50 फीट गहरे पानी में फेंक दिया और मामले को एक्सीडेंट बताने की कोशिश की।

### 20 जनवरी से थे लापता



### पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे

जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आ रहा है कि इस अपराध के पीछे मृतक के सगे भाई या किसी करीबी परिजन का ही हाथ हो सकता है। जांच के अनुसार भाई व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया होगा। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को यही कहानी बताई है। हालांकि पालघर पुलिस तमाम सबूतों को जुटाने में लगी है, ताकि हत्या का असल कारण और साजिशकर्ता सामने लाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील और घोलवड पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक गजानन पडलकर अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से खदान से मृतक अशोक धोड़ी की ब्रेजा कार को निकालने का प्रयास जारी है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में गहरा आक्रोश और शोक पैदा किया है।

# सचिन आज लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से होंगे सम्मानित



धीरज सिंह । मुंबई

पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को बीसीसीआई के वार्षिक समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट (जीवनपर्यंत उपलब्धि) पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सचिन यह पुरस्कार पाने वाले 31वें खिलाड़ी होंगे। बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस पुरस्कार को शुरू किया था। नायडू का 1916 से 1963 के बीच 47 साल लंबा प्रथम श्रेणी करियर रहा है। यह एक विश्व रिकॉर्ड है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, हां उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### 200 टेस्ट और 463 वनडे मैच खेले हैं तेंदुलकर ने

तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 वनडे मैच इस खेल के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक हैं। उन्होंने वनडे में 18,426 और टेस्ट में 15,921 रन बनाए हैं। उन्होंने करियर में एक टी-20 खेला जिसमें दस रन बनाए। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व दिग्गज विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को 2023 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### 16 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण

सचिन ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण किया और अगले दो दशक में दुनिया भर के गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाए। उनके नाम टेस्ट और वनडे प्रारूप को मिलाकर 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड भी है। बल्लेबाजी के कई रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले तेंदुलकर भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य भी थे।

सैफ हमला मामला

# आरोपी शहजाद और सीसीटीवी में दिखे शख्स के चेहरे का हुआ मिलान

- फेस रेकग्निशन टेस्ट की रिपोर्ट आई सामने
- आरोपी की मदद करने वालों को तलाश रही पुलिस

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद की गिरफ्तारी के बाद सवालों के बीच घिरी मुंबई पुलिस को बड़ी राहत मिली है। इस मामले में फोरेंसिक विभाग द्वारा किये गए चेहरा पहचान परीक्षण में आरोपी शहजाद का चेहरा सैफ की इमारत की सीसीटीवी में कैद हुए शख्स से मिल गया है। इस मामले में फोरेंसिक विभाग ने पुलिस को जो रिपोर्ट सौंपी है, वह पॉजिटिव है, यानी सैफ के ऊपर शहजाद ने हमला किया था, यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है।

### कई शारीरिक समानताएं सीसीटीवी में कैद शख्स से मिली





जांच में आरोपी शहजाद का चेहरा, आंख, बाल, होठ और माथा सहित कई शारीरिक समानताएं सीसीटीवी में कैद शख्स से मिल गई है। इस रिपोर्ट के आने के बाद वरिष्ठ अफसरों ने राहत की सांस ली है।सैफ हमला मामले में गिरफ्तार आरोपी शहजाद और सीसीटीवी में कैद शख्स के चेहरे में अंतर होने की बात कहकर अब तक मुंबई पुलिस पर सवाल उठाए जा रहे थे। आरोपी के वकील और परिवार ने दावा किया था कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए शख्स की तस्वीर उनके मुवक्किल से मेल नहीं खाती है। तमाम सवालों के बीच पुलिस ने बांद्रा कोर्ट को चेहरा पहचान परीक्षण कराने की जानकारी थी।

### अगले कदम पर क्या कहती है पुलिस?

मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ३टेक्नोलॉजी की मदद से हमें आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है. अब हम कोर्ट में इस सबूत को पेश करेंगे और आरोपी को सख्त सजा दिलाने की कोशिश करेंगे.३ मामले में अगले कुछ दिनों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी है. सैफ अली खान फिलहाल अपने परिवार के साथ हैं और स्वास्थ्य लगातार सुधार रहा है. इसके बावजूद, यह घटना सेलिब्रिटी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है. पुलिस ने भी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के लिए सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और सख्त करने का संकेत दिया है.

# शिक्षिका ने बीच सड़क पर शिक्षक की पिटाई की

**डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ**

अंबरनाथ पश्चिम में एक शिक्षिका द्वारा शिक्षक की पिटाई किए जाने का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि शिक्षक ने अश्लील बातें करते हुए शारीरिक संबंध बनाने की मांग की, जिसके बाद शिक्षिका ने शिक्षक को थप्पड़ मारा और दोनों के बीच लड़ाई शुरू हो गई। घटना 29 जनवरी को अंबरनाथ पश्चिम के जवसई नगर परिसर में हुई, जब महिला शिक्षिका अनीता गुप्ता अपने क्लास के बच्चों को पीटी क्लास के लिए बाहर ले जा रही थीं। इस दौरान स्कूल के शिक्षक एकादशी राम ने उनका वीडियो बनाना शुरू किया। जब महिला शिक्षिका ने इसका कारण पूछा, तो शिक्षक ने अश्लील बातें कहकर शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। इस पर गुस्साई शिक्षिका ने शिक्षक को थप्पड़ मारा और दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। यह पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### पुलिस जांच में जुटी



महिला शिक्षिका की शिकायत पर अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि वह पिछले दो साल से परेशान की जा रही हैं, और स्कूल प्रशासन ने उन्हें स्कूल छोड़ने के लिए दबाव डाला है, ताकि उनकी जगह पर स्कूल प्रशासन अपने रिश्तेदार को नियुक्त कर सके। हालांकि, स्कूल प्रशासन की ओर से अंजली जसवाल ने शिक्षिका के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी घटना बेबुनियाद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### मंत्रालय और विधिमंडल वार्ताहर संघ के चुनाव में दिलीप सापटे चुने गए अध्यक्ष

**मुंबई।** दैनिक 'पुढारी' के दिलीप सापटे को मंत्रालय एवं विधिमंडल वार्ताहर संघ का अध्यक्ष चुना गया है, जबकि दैनिक 'लोकमत' के दीपक भातुसे को महासचिव चुना गया है। इस चुनाव में विनोद यादव (दिव्य भास्कर) कोषाध्यक्ष तथा आलोक देशपांडे (इंडियन एक्सप्रेस) उपाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोज दुबे (हमारा महानगर), सुजीत महामुलकर (हिंदुस्थान पोस्ट), खंडूराज गायकवाड़ (सांज महानगरी), प्रशांत बरसिंह (नवराष्ट्र) और राजन शेलार (पुढारी) विजयी हुए हैं।

### सरकार ने नाविक के लिए QR वाला आधार कार्ड रखना किया अनिवार्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए राज्य मत्स्य विभाग ने शुक्रवार को निर्देश जारी किए कि राज्य के सभी बंदरगाहों पर मछली पकड़ने जाने वाले प्रत्येक नाविक के लिए क्यूआर कोड वाला आधार कार्ड रखना अनिवार्य है। मत्स्य विभाग आयुक्त किशोर तावड़े के निर्देश मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे द्वारा दक्षिण मुंबई में ससून डॉक का दौरा करने के कुछ दिनों बाद आए, जहां उन्होंने देखा कि अधिकांश नाविकों के पास आधार कार्ड नहीं थे।

उस समय राणे ने निर्देश जारी करने के निर्देश दिए थे, जिसमें मछली पकड़ने जाने वाले नाविकों के लिए आधार कार्ड रखना अनिवार्य किया गया था। तदनुसार, मत्स्य विकास आयुक्त ने शुक्रवार को निर्देश जारी किया।

इस समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने जाने वाले प्रत्येक नाविक को क्यूआर कोड वाला आधार कार्ड साथ रखना होगा। साथ ही, भारतीय व्यापारिक नौवहन अधिनियम, 1958 की धारा 435 (एच) और महाराष्ट्र समुद्री मत्स्य विनियमन अधिनियम, 1981 (संशोधित 2021) की धारा 6 (4) के प्रावधानों के अनुसार, देश में मछली पकड़ने वाले जहाज का पंजीकरण नंबर जहाज पर स्थायी रूप से पेंट करना अनिवार्य है।

जहाज का पंजीकरण नंबर जहाज के पिछले (ऊपरी) हिस्से में दोनों तरफ स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, और इसे जहाज के केबिन की छत पर पेंट करना अनिवार्य होगा। निर्देश में कहा गया है कि ऐसी कार्रवाई करने के बाद ही जहाजों के मछली पकड़ने के लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा और मछली पकड़ने के टोकन जारी किए जाएंगे। साथ ही, महाराष्ट्र समुद्री मत्स्य विनियमन अधिनियम, 1981 (संशोधित 2021) के तहत मछली पकड़ने के लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए मछली पकड़ने के लाइसेंस को रद्द करके यह कार्रवाई नहीं करने वाले जहाजों के मालिकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मत्स्य विभाग ने यह कदम पिछले महीने महाराष्ट्र में अवैध मछली पकड़ने पर नजर रखने के लिए राज्य के तट पर ड्रोन आधारित हवाई निगरानी शुरू करने के बाद उठाया है।

डॉ. जितेंद्र आव्हाड का अनोखा विरोध

# जिलाधिकारी को दिया अंडा

- विद्यार्थियों को दोपहर के भोजन से अंडा गायब
- सरकार के फैसले पर नाराजगी

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

राज्य सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में दिए जाने वाले दोपहर के भोजन से अंडा हटाने के फैसले के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने जिलाधिकारी अशोक शिंगारे को अंडा सौंपते हुए अनोखा प्रदर्शन किया।



### सरकार के फैसले पर सवाल

डॉ. आव्हाड ने कहा कि सरकार ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले पोषक आहार से अंडा, केला और मिठाई को बंद करने का निर्णय लिया है, जिससे 24 लाख छात्रों के पोषण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह फैसला आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के साथ अन्याय है, क्योंकि उनके लिए यह भोजन ही जरूरी पोषण का स्रोत था।

### पोषण पर संकट, सरकार का दोहरा रवैया

नवंबर 2024 में शिक्षा विभाग ने सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों को उबला अंडा या अंडे से बनी अन्य डिश जैसे पुलाव या बिरयानी देने का निर्णय लिया था। इसके लिए सरकार हर साल 50 करोड़ रुपये खर्च करती थी, लेकिन हाल ही में यह आपूर्ति बंद कर दी गई। डॉ. आव्हाड ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ३प्यारी बहना योजना३ के विज्ञापनों पर 200 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन विद्यार्थियों के पोषण के लिए 50 करोड़ रुपये नहीं दे सकती।

### विरोध प्रदर्शन में शामिल नेता

इस विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महिला जिला अध्यक्ष सुजाता घाग, महिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेखा पाटिल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। डॉ. आव्हाड ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि इस मुद्दे को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाए ताकि विद्यार्थियों को दोबारा पौष्टिक आहार मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# यूपी-बिहार के साथ बांग्लादेशी भी महाराष्ट्र के शहरों में बढ़ा रहे भीड़

**मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अजित पवार ने शुक्रवार को नगर नियोजन की चुनौतियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि न केवल उत्तरी राज्यों के लोग बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठिये भी महाराष्ट्र के शहरों में आ रहे हैं। पवार ने शहरी विकास एवं शहर नियोजन विभाग की ओर से आयोजित एक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिंपरी चिंचवड़ क्षेत्र सहित पुणे की जनसंख्या 2054 तक दो करोड़ तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट के मुद्दे लगातार चुनौती भरे होते जा रहे हैं।

### बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त पानी कहां से लाएंगे?



अजित पवार ने कहा कि हमें गतिशीलता में सुधार करने की आवश्यकता है। अनुमान है कि 2054 तक पिंपरी-चिंचवड़ सहित पुणे की जनसंख्या लगभग दो करोड़ तक पहुंच जाएगी और हमारे प्रयास अपर्याप्त हैं। अगर जनसंख्या दो करोड़ तक पहुंच जाएगी तो हम इतनी बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी कहां से लाएंगे? उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में मुलशी में टाटा बिजली परियोजना की ओर से उपयोग किए जाने वाले बांध के पानी को पुणे की जरूरतों को पूरा करने के लिए शहरी क्षेत्रों में मोड़ा जाना चाहिए।

### हमें अदालतों का रुख करना होगा

उन्होंने कहा कि हमें अदालतों का रुख करना होगा ताकि बिजली उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले बांध के पानी को सार्वजनिक उपयोग के लिए आवंटित किया जाए। पवार ने कहा कि लोग शहरों की ओर पलायन करते हैं क्योंकि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में अवसर नहीं मिलते। जैसे-जैसे पलायन बढ़ता है, शहरों में भीड़भाड़ बढ़ती जाती है, जिससे झुग्गी-झोपड़ियां बढ़ती जाती हैं। सरकार अच्छे इरादों के साथ झुग्गी पुनर्वास योजनाओं को लागू करती है।

### झुग्गी वालों को घर दो तो वे यूपी से रिश्तेदार बुला लेते हैं

उन्होंने कहा कि हालांकि जब झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को इन योजनाओं के तहत उचित आवास मिल जाता है, तो वे उत्तर प्रदेश में अपने रिश्तेदारों को सूचित करते हैं, जो फिर यहां आकर बस जाते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग ही नहीं, बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठिये भी महाराष्ट्र के शहरों में आते हैं।

# अवैध शराब के अड्डे पर पुलिस का छापा

- 38 हजार रुपये की देशी-विदेशी शराब जब्त

**सुरेश चौहान । उल्हासनगर**

क्राइम ब्रांच उल्हासनगर की टीम ने अंबरनाथ के दुर्गा पाड़ा स्थित एक मकान पर छापा मारकर अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 38,455 मूल्य की देशी-विदेशी शराब जब्त की और जगदीश नारायण सुर्वे (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया। इस मामले में शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में महाराष्ट्र प्रोविजन एक्ट 65(E) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### शहर में धड़ल्ले से जारी अवैध शराब बिक्री

उल्हासनगर और अंबरनाथ में कई इलाकों में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री जारी है। सम्राट अशोक नगर, आजाद नगर, रमाबाई टेकड़ी, हनुमान नगर, वडल गांव, खदान, इंदिरा गांधी मार्केट, फरवर लाइन और झोपड़पट्टियों में हर दूसरी गली में कच्ची शराब बेची जा रही है। इतना ही नहीं, गीता भवन, शिवाजी चौक, नीलम होटल जैसे मुख्य चौराहों पर देर रात तक शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जबकि इन इलाकों में पुलिस का आना-जाना भी लगा रहता है। नागरिकों ने पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे से अवैध शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

क्राइम ब्रांच में तैनात पुलिस कांस्टेबल रामदास उगले को सूचना मिली थी कि अंबरनाथ के दुर्गा पाड़ा इलाके में अवैध शराब बेची जा रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में एएसआई बांडे, हवलदार सावंत, गावडे, वाघ, जाधव, कॉन्स्टेबल शेरमाले, थोरवे समेत अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने 30 जनवरी को दोपहर में छापा मारकर यह कार्रवाई की।

# चेंबूर में देर रात ढहा मेट्रो का पिलर

**मुंबई।** मुंबई में चेंबूर इलाके के सुमन नगर में मेट्रो का एक निर्माणाधीन पिलर (लोहे का ढांचा) गिर गया। मुंबई में ठाणे-वडाला मेट्रो लाइन 4 के एक खंभे के निर्माण के लिए बनाया गया लोहे का ढांचा पास में स्थित एक 'हाउसिंग सोसाइटी' के परिसर में गिर गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना चूनाभट्टी इलाके के सुमन नगर जंक्शन पर गुरुवार रात करीब 11 बजे हुई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी के अनुसार, खंभा नंबर 105सी के लिए आठ मीटर ऊंचे लोहे के इस ढांचे को कंक्रीट के ब्लॉक के सहारे रस्सियों से बांधा गया था, जो एक



'हाउसिंग सोसाइटी' के परिसर की दीवार पर गिर गया। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के एक अधिकारी ने कहा, ''इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन सोसाइटी के सुरक्षा केबिन की धातु की शीट क्षतिग्रस्त हो गई।'' उन्होंने कहा कि मुआयना करने के लिए एक टीम मौके पर पहुंच गई है।

# कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका की सख्ती

- 120 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने 3/क प्रभाग क्षेत्र में निरीक्षण अभियान के तहत एक होलसेल दुकान से 120 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान किरण स्टोर नामक दुकान में बड़े पैमाने पर अवैध प्लास्टिक भंडारण पाया गया, जिसके चलते दुकान मालिक पर 25,000 का जुर्माना लगाया गया।

### सख्त निगरानी और कार्रवाई जारी



महापालिका इससे पहले भी कई दुकानों पर छापेमारी कर प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर चुकी है। यह ताजा कार्रवाई परिमंडल-1 के उपआयुक्त प्रसाद बोरकर के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त धनंजय थोरात, अधीक्षक उमेश यमगर और स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ वड्डे की टीम ने की।

### व्यापारियों को चेतावनी

महापालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत रूप से प्लास्टिक भंडारण और बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाना और स्वच्छता बनाए रखना है।

# स्कूल को ढहाये जाने के दौरान चॉल पर खंभा गिरा

चार लोग घायल



**मुंबई।** मुंबई के सांताक्रूज पश्चिम इलाके में शुक्रवार को एक स्कूल की इमारत को ढहाये जाने के दौरान खंभे का एक हिस्सा चॉल पर गिरने से चार लोग घायल हो गए। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शाम सात बजकर 25 मिनट पर जुहू तारा रोड पर मानेकजी कूपर स्कूल में हुई। उन्होंने बताया, ''स्कूल की इमारत को ढहाये जाने के दौरान खंभे का एक हिस्सा बगल की चॉल पर गिर गया। घायल हुए चार लोगों को नगर निगम द्वारा संचालित कूपर अस्पताल ले जाया गया। मनीष कुमार साहनी (24) नाम के एक व्यक्ति की हालत गंभीर है।'' अधिकारी ने बताया कि कमलेशकुमार यादव (28) चिकित्सकों की निगरानी में हैं। अधिकारी ने बताया कि अन्य दो घायलों की पहचान शामकुमार यादव (20) और कृष्णकुमार यादव (26) के रूप में हुई है, जिन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डांस स्टेज पर झगड़ा

# छुड़ाने गए फूड डिलीवरी बॉय पर जानलेवा हमला

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

एक डांस कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद को सुलझाने गए 21 वर्षीय फूड डिलीवरी बॉय हर्ष मोहिते पर चार युवकों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है मामला?



गुरुवार रात करीब 11 बजे उल्हासनगर-4 के लालचक्की परिसर में सर्वजंग मित्र मंडल के पास एक डांस कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान रोहित शिंदे और मार्क अल्मेडा के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। कार्यक्रम में मौजूद हर्ष मोहिते जब बीच-बचाव करने पहुंचे तो यश शिंदे, राज शिंदे, महेश शिंदे और जय ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### हमले में गंभीर रूप से घायल

हमलावरों ने हर्ष की पीठ पर लोहे की रॉड से वार किया और चाकू जैसे हथियार से उनके हाथ पर हमला कर दिया। आरोपियों ने हर्ष के दोस्तों को भी पीटा।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद हर्ष मोहिते ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस उपनिरीक्षक अरुण दुबले इस मामले की जांच कर रहे हैं।

होर्डिंग हादसा


# क्राइम ब्रांच ने की निलंबित आईपीएस खालिद के खिलाफ जांच की मांग

## सरकार को सौंपी रिपोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के गृह विभाग से 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के मामले में निलंबित आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक जांच शुरू करने की मांग की है। बता दें कि होर्डिंग गिरने के छह सप्ताह बाद खालिद को निलंबित कर दिया गया था। यह घटना उस समय हुई थी जब खालिद मुंबई रेलवे पुलिस के कमिश्नर थे। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 80 लोग घायल हो गए थे।

## क्राइम ब्रांच ने आईपीएस पर लगाया आरोप



राज्य गृह विभाग को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में क्राइम ब्रांच ने खालिद पर नियमों और टेंडर मानदंडों का उल्लंघन करके रेलवे पुलिस की जमीन पर होर्डिंग लगाने की अनुमति देने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खालिद पर आपराधिक कदाचार पाया गया है, जिसके लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के तहत जांच की सिफारिश की गई है। इसके लिए राज्य गृह विभाग की मंजूरी जरूरी होगी।

## 30 लाख देने का आरोप

साथ ही इस मामले में महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भी जांच शुरू की है। ये जांच इसलिए शुरू की गई है क्योंकि व्यवसायी मोहम्मद रईस खान ने आरोप लगाया है कि उन्होंने खालिद और उनकी पत्नी के व्यापारिक साझेदार को 30 लाख रुपये दिए थे और होर्डिंग का ठेका पाने के लिए अमेरिका में उनके होटल में ठहरने का खर्च उठाया था।

## अरशद खान पर लगे है ये आरोप

वहीं मामले में आईपीएस अधिकारी खालिद की पत्नी के व्यापारिक साझेदार अरशद खान पर आरोप है कि उसने ईगो मीडिया से 84 लाख रुपये लिए थे। अरसद होर्डिंग गिरने के बाद से खान फरार था और दिसंबर में उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उसने दावा किया कि यह पैसा दवाइयों के भुगतान के लिए मिला था। पुलिस के अनुसार, खान ने ईगो मीडिया द्वारा जारी चेक जमा करने के लिए अपनी पत्नी, साले और भतीजे के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था।

# सीएम फडणवीस का एआई-आधारित भाषा मॉडल पर जोर



**मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में तीसरे 'विश्व मराठी सम्मेलन' में शामिल हुए। उन्होंने मराठी साहित्य को प्रदर्शित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ियां महान मराठी लेखकों के कार्यों तक पहुंच सकें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य के मराठी भाषा विभाग को मराठी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए एआई का उपयोग करके एक छोटा भाषा मॉडल विकसित करने का निर्देश दिया। पिछले साल केंद्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का टैग दिया था। उदय सामंत की टिप्पणी के बाद कुछ लोगों ने इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मराठी भाषा विभाग पर सवाल भी उठाए।

# 'महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी'

## कांग्रेस नेता नाना पटोले ने किया बड़ा दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि राज्य की महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी हैं। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल के पिछले महीने शपथ लेने के बावजूद अधिकांश मंत्रीयों ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। उन्होंने भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सोयाबीन, कपास, प्याज और डेयरी किसान संकट में हैं और बेरोजगारी चरम पर है।



## रवींद्र धांगेकर के शिवसेना में शामिल होने की अटकलों पर दी प्रतिक्रिया

पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, 65 फीसदी मंत्री दागी है।₹ पुणे के पूर्व कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर और कुछ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की अटकलों पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ₹कुछ लोगों के लिए राजनीति व्यवसाय है। सत्ता में कोई भी हो, लेकिन जनता कांग्रेस के साथ है।₹ हालांकि, रवींद्र धांगेकर से जब एकनाथ शिंदे के साथ उनकी मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि वे अपने पूर्व विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुछ काम के लिए शिंदे से मिले थे। बता दें कि नाना पटोले का पूर्व विधायक रवींद्र धांगेकर से संबंध अच्छे नहीं हैं।

## कांग्रेस नेता ने की लाड़की बहिन योजना की आलोचना

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है। कांग्रेस नेता ने सरकार की लाड़की बहिन योजना के कार्यान्वयन की भी आलोचना की। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि राज्य के बाहर रहने वाली महिलाओं और कुछ बांग्लादेशी नागरिकों ने भी फर्जी पहचान दस्तावेज बनाकर इस योजना का लाभ उठाया है।

# मुंबादेवी मंदिर में भी ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी

## कमेटी कर रही चर्चा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

सिद्धिविनायक मंदिर के बाद अब मुम्बई के प्रसिद्ध मुंबादेवी मंदिर में भी ड्रेस कोड लागू करने पर कमेटी चर्चा कर रही है। मुंबादेवी मंदिर प्रशासन ड्रेस कोड पर निर्णय लेने वाले है। भक्तों से निवेदन किया जा रहा है कि वो शालीन कपड़ो में ही मंदिर में दर्शन करने आए। इन दिनों मंदिर में गुप्त नवरात्रि उत्सव चल रहा है। ऐसे में मुंबादेवी मंदिर में भक्तो की भारी भीड़ देखी जा रही है।

वहीं, मुंबादेवी मंदिर प्रशासन ने श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। इस गुप्त नवरात्रि में मुम्बई की कुलदेवी मुंबादेवी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू किए जाने के बाद अब मुंबा देवी मंदिर भी इस दिशा में कदम बढ़ाने की योजना बना रहा है। यह मंदिर न केवल स्थानीय भक्तों बल्कि विदेशी पर्यटकों के बीच भी बहुत लोकप्रिय है, लेकिन अभी तक यहां कोई औपचारिक ड्रेस कोड लागू हैं। मंदिर कमिटी के प्रबंधक हेमंत जाधव ने बताया कि सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू करने के बाद अब मुंबा देवी मंदिर ट्रस्ट भी एक बैठक आयोजित करेगा।




## शालीन कपड़े पहनकर आने की अपील

इस बैठक में श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों के लिए उचित ड्रेस कोड निर्धारित किया जाएगा। वैसे भक्त से निवेदन किया गया है कि वो सनातन धर्म के अनुसार ही शालीन कपड़े पहनकर मंदिर में आए। हाल ही में सिद्धिविनायक मंदिर ने फटी हुई जींस और भड़काऊ कपड़े पहनकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह पहला मौका नहीं है जब धार्मिक स्थलों पर इस तरह के नियम लागू किए जा रहे हैं। मुंबई के कई गिरजाघरों में भी पहले से ड्रेस कोड लागू है।

## मुंबादेवी मंदिर में आए भक्तों ने ड्रेस कोड की चर्चा का स्वागत किया

वहीं, मुंबादेवी मंदिर में आए भक्तों ने प्रशासन के ड्रेस कोड लागू करने को लेकर चल रही चर्चा का स्वागत किया है। भक्तों का कहना है कि मंदिर में कटे-फटे कपड़े पहनकर आना अनुचित है। वहीं मुंबई में धार्मिक स्थलों पर ड्रेस कोड लागू करने की परंपरा कोई नई नहीं है। 2005 में बॉम्बे के आर्कबिशप कार्डिनल इवान डायस ने चर्च में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया था, जिसमें उन्हें "संडे बेस्ट" यानी सभ्य और पारंपरिक कपड़े पहनकर आने की सलाह दी थी।

## नीले कुर्ते में नजर आए थे क्रिस मार्टिन

इसके अलावा देश के कई अन्य मंदिरों में भी ड्रेस कोड लागू है, जिसमें मदुरै का मीनाक्षी मंदिर और केरल का पद्मनाभस्वामी मंदिर शामिल है। हॉलीवुड सितारे भी मंदिर पहुंचते रहे है। हाल ही में हॉलीवुड अभिनेत्री डकोटा जॉनसन और उनके बॉयफ्रेंड, कोल्डप्ले के सिंगर क्रिस मार्टिन ने मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर का दौरा किया। इस दौरान क्रिस मार्टिन पारंपरिक नीले कुर्ते और रुद्राक्ष की माला पहने हुए थे। जबकि डकोटा जॉनसन ने भारतीय सूट और सिर पर दुपट्टा लिया हुआ था।

# विधायक धस और मंत्री मुंडे का पैच अप कराएगी बीजेपी

## मंत्री बावनकुले बोले- खत्म होगा झगड़ा

**मुंबई।** रायगड के पालकमंत्री और मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की वजह से बीजेपी, शिवसेना एवं एनसीपी के गठबंधन वाली महायुति सरकार में घमासान मचा हुआ है। इन दोनों प्रकरणों के कारण महायुति के तीन प्रमुख घटक दलों के नेता एक दूसरे पर तीखा कटाक्ष कर रहे हैं।खासकर संतोष देशमुख हत्याकांड में एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के खिलाफ बीजेपी विधायक सुरेश धस के ताल ठोंकने से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार की किरकिरी हो रही है और विपक्ष को सरकार पर कटाक्ष का मौका मिल रहा है। ऐसा



बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं को अब लगने लगा है। बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने धस और धनंजय को साथ में बैठा कर समझौता कराने की बात कही है। बीड जिले के कैज तालुका अंतर्गत मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की 9 दिसबंर को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। मेडिकल रिपोर्ट में अनुमान व्यक्त किया गया है कि मौत से पहले देशमुख को बेरहमी से पीटा गया था।

**मध्य रेल**

**सीजीएल के सर्किट ब्रेकर और इंटरप्टर की आवधिक ओवरहालिंग**

**खुली ई-निविदा संख्या : केवायएन-एलडी-583-पी-रिव्हे-24-25-10**

**कार्य का विवरण:** मध्य रेल के मुंबई मंडल के कल्याण-इगतपुरी और कल्याण लोनावला खंड में विभिन्न ट्रैक्शन सब-स्टेशनों (साइट पर) पर 110 केवी और 25 केवी सीजीएल मेक एसएफ 6 सर्किट ब्रेकर और 25 केवी इंटरप्टर सीजीएल मेक की आवधिक ओवरहालिंग। **अनुमानित लागत** ₹: 18663468.00 **ईएमडी** ₹: 243300.00 **निविदा प्रपत्र का शुल्क** ₹: 0.00 **समापन अवधी:** 12 महिने। **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि** दि. 01.03.2025 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सूचना पट पर उपलब्ध है।

**व.मं.वि.इं.(क.वि.)मध्य रेल, कल्याण** 742

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**सार्वजनिक सूचना**

**विले पार्ले मध्य फुट ओवर ब्रिज की पश्चिम की ओर बंदरगाह के दक्षिण की तरफ की सीढियां बंद करना**

**विले पार्ले (मध्य) फुट ओवर ब्रिज** की सीढ़ी की संरचनात्मक स्थिति जीर्ण-शीर्ण है। पूरी सीढ़ी का पुनर्निर्माण करने के लिए इसे **05.02.2025 से 04.03.2025** तक बंद रखा जाएगा। उत्तर पश्चिम की ओर एक और सीढ़ी है जो यात्रियों के उपयोग के लिए उसी एफओबी पर उपलब्ध है,जो खुली रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए अत्यंत खेद है।

**पश्चिम रेलवे**
www.wr.indianrailways.gov.in

1029

हमें लाइक करें: www.facebook.com/WesternRly |हमें फॉलो करें: www.twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सुरंग के लिए एकीकृत संचार प्रणाली**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, (निर्माण) पश्चिम रेलवे, रतलाम, **निविदा संख्या: एस एंड टी/सी/आरटीएम/113/2024-25, दिनांक:28.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** रतलाम मंडल के टीआईएचआई-पीतमपुर खंड में सुरंग के लिए एकीकृत संचार प्रणाली की डिजाइन,आपूर्ति, स्थापना परीक्षण, और कमीशनिंग, साथ ही विभिन्न दूरसंचार केबलों की खाई खोदना, बिछाना और समापन,पश्चिम रेलवे (म.प्र. राज्य) के रतलाम मंडल की दाहोद इंदौर नई बीजी लाइन के संबंध में। **कार्य की अनुमानित लागत:** 56,331,357/- **ईएमडी:** 431700/-**बोली शुरू होने की तिथि:** 07.02.2025. **समापन तिथि और समय:** 21.02.2025 को 15:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।

1027

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिमी रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400 013, **ई-टेंडर नोटिस संख्या: ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/45 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** आरएमपीयू कनेक्टिंग केबल के लिए केबल सपोर्टिंग फ्लैंज फ्रेम असेंबली की आपूर्ति, फिक्सिंग और कमीशनिंग, साथ ही मेटा अरामिड फैब्रिक डक्टिंग क्लॉथ की आपूर्ति और डक्टिंग के एसएस फ्रेम पर मेटा अरामिड डक्टिंग क्लॉथ की कटिंग, सिलाई और फिक्सिंग, डक्टिंग के पीओएच के लिए आरटीवी सीलेंट लगाने और कार्य के दायरे और दरों की अनुसूची के अनुसार एलएचबी एसी कोचों के एयर बेलो डक्ट की स्ट्रिपिंग और रीफिटिंग, **मात्रा:** 23 कोच। **कार्य की अनुमानित लागत:** 48,38,873.44। **ईएमडी:** 96,800/-। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय:** 17.02.2025, 12:00 बजे तक। **निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 17.02.2025 को 12.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।

1024

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


सीरियल विस्फोट मामला

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुए दोषी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 7/11 के मुंबई लोकल ट्रेन में सीरियल विस्फोट मामले में दोषियों की अपीलों पर साढ़े छह महीने की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। शुक्रवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए नावेद हुसैन ने अदालत से कहा कि विस्फोट में निर्दोष लोग मारे गए, लेकिन निर्दोषों को फांसी नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और श्याम चांडक की पीठ ने 12 दोषियों की अपीलों पर फैसले को सुरक्षित रखने के दौरान कहा कि अगर कोई कुछ कहना चाहता है, तो हम उसे दो मिनट के लिए ऐसा करने की अनुमति दे सकते हैं। दोषी पुणे की यरवडा, अमरावती, नासिक और नागपुर की सेंट्रल जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे।

## मैं निर्दोष हूं : नावेद हुसैन



नागपुर सेंट्रल जेल में बंद दोषी नावेद हुसैन ने कहा कि उसके खिलाफ मामला झूठा है। वह निर्दोष है और इस मामले में शामिल नहीं है। गिरफ्तारी से पहले शायद एक को छोड़कर वह अन्य लोगों को जानता भी नहीं था। इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। वह पिछले 19 सालों से जेल में बंद है। ट्रेन विस्फोट में निर्दोष लोगों की जान चली गई, लेकिन प्रतिशोध का मतलब यह नहीं होना चाहिए कि निर्दोष लोगों को फांसी पर लटका दिया जाए। हुसैन ट्रेन में बम रखने वालों में से एक था और उसे ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है।

हुसैन का इकबालिया बयान अभियोजन पक्ष के मामले का हिस्सा था। सभी 12 आरोपियों की ओर से पेश हुए वकील युग मोहित चौधरी और पायोशी रॉय ने दलील दी कि इकबालिया बयान अस्वीकार्य है और इसमें यातना का इस्तेमाल किया गया है।

## बम विस्फोट में मारे गए थे 189 लोग

11 जुलाई 2006 को मुंबई के लोकल ट्रेनों में सात स्थानों पर 11 मिनट के अंतराल पर हुए बम विस्फोट में 189 लोग मारे गए और 827 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और 15 अन्य को वांटेड घोषित किया। ट्रायल कोर्ट ने 2015 में 12 लोगों को दोषी ठहराया था। इसमें पांच को मौत की सजा सुनाई गई थी और सात को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा बोली संख्या | 2025 MCGM_1144246_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका, मुंबई |
| विषय | नगर मुद्रणालय में विभिन्न सुधार, मरम्मत और नवीनीकरण कार्य। |
| निविदा शुल्क | रु. 3300/+18.0% जीएसटी |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | निविदा मद दर |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 17,800/- |
| निविदा जारी करने की तिथि | 01.02.2025 को 10:00 बजे |
| बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | 07.02.2025 को 16:00 बजे। |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 07.02.2025 को 16:00 बजे |
| बोली-पूर्व बैठक | एनए |
| पैकेट ए का खुलना | 08.02.2025 को 16:00 बजे |
| पैकेट बी का खुलना | 08.02.2025 को 16:00 बजे |
| पैकेट सी का खुलना | 14.02.2025 को 16:00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः- ई. ई. मेके.(दक्षिण), बीएमसी म्यूनिसिपल वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई-400 008 |
| बोली खोलने का स्थान | ई. ई. मेक(दक्षिण) के कार्यालय में ऑनलाइन। |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता./-

पीआरओ/2408/विज्ञा./2024-25

ई. ई. मेक(दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**जाहीर नोटीस**

सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि **श्री. टिकाराम चिंतामण देसले** घोषणा करते हैं कि, मेरे पिताजी **कै. चिंतामण गणू देसले** का दि. १८/०५/२०१८ को निधन हो गया उनकी मृत्यु के बाद कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में **१) टिकाराम चिंतामण देसले बेटा, २) वैशाली टिकाराम देसले बहु, ३) वैभवी टिकाराम देसले नाती, ४) चंद्रभागा चिंतामण देसले -पत्नी,** स्थायी पत्ता मकान नं. ९९ भवानी पेठ सडक, मराठी स्कूल के पास, गाव धसई, तालुका मुरबाड, जिला-ठाणे, ४२१४०२. तथा संपती का पत्ता रूम नं. २०३, दुसरा मजला विंग आर. १, तेलेंगे हाईट्स बी. कॅबिन सडक, मोरीवली पाडा, अंबरनाथ ईस्ट, नवरे नगर अंबरनाथ, ठाणे, महाराष्ट्र ४२१५०१. ऐसे में उक्त मृतक का हमारे अलावा कोई दूसरा वारिस नहीं है। उक्त जानकारी पीरामल कैपिटल हाउसिंग 'फाइनेंस बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा की जानी है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया उक्त नोटिस के प्रकाशन की तिथि से १५ दिनों के भीतर सही साध्य के साथ पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक कार्यालय अंबरनाथ (ठाणे) से संपर्क करें, अन्यथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थानः अंबरनाथ
दिनांक:- ०१/०२/२०२५

हस्ताक्षर/-
**श्री. टिकाराम चिंतामण देसले**

संपादकीय

# सरकारी स्कूलों पर भरोसा

निविवाद रूप से आम लोगों की धारणा सरकारी स्कूलों के प्रति अच्छी नहीं रहती। थोड़ी आर्थिक स्थिति सुधरते ही लोग अपने बच्चों को महंगे निजी स्कूलों में भेजने को आतुर हो जाते हैं। कोरोना संकट ने बताया था कि जब तमाम लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हुई और नौकरियां गई, तो सरकारी स्कूलों ने उनके बच्चों को सहारा दिया। आंकड़े बताते हैं कि कोरोना संकट के दौरान व बाद में सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिलों में खासी तेजी आई थी। लेकिन यह सवाल नीति-नियंताओं के लिये विचारणीय है कि बेहतर संरचनात्मक सुविधाओं व ऊंचे वेतनमान वाले शिक्षकों के बावजूद सरकारी स्कूल जनमानस की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरे क्यों नहीं उतरते। समाज के संपन्न तबके व अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में जाने से गुरेज क्यों करते हैं? बहरहाल, एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट यानी असर 2024 के जो निष्कर्ष बीते मंगलवार को दिल्ली में जारी किए गए, वे नई उम्मीद जगाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लेकर किए गए अध्ययन वाली असर की रिपोर्ट बताती है कि देश में छह से चौदह वर्ष के बच्चों के पढ़ने की क्षमता और गणितीय कौशल में कोरोना संकट के बाद सुधार देखा गया है। सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने की बुनियादी क्षमता में पहले से सुधार हुआ है। जो पिछले दो दशकों में सर्वोत्तम स्तर पर है। अच्छी बात यह है कि सरकारी व निजी दोनों स्तर पर स्कूलों में विद्यार्थियों के बुनियादी गणितीय कौशल में सुधार देखा गया। जो पिछले एक दशक में बेहतर है। अब कक्षा तीन के छात्र घटाव के प्रश्न हल करने में सक्षम हैं। वहीं कक्षा पांच के बच्चे भाग के प्रश्न हल कर सकते हैं। अच्छी बात यह भी कि देशभर के स्कूलों में सीखने के स्तर में भी सुधार आया है। यह स्तर 2010 तक स्थिर था, फिर इसमें गिरावट का ट्रेंड देखा गया था। दरअसल,कोरोना काल में बच्चों के सीखने की क्षमता में गिरावट देखी गई। महामारी के चलते स्कूल बंद होने के बाद बच्चे पढ़ नहीं पाए। अधिकांश बच्चों के पास स्मार्टफोन नहीं थे। वहीं घर में माता पिता के कम पढ़े-लिखे होने या अनपढ़ होने से बच्चों का सीखने का मूलभूत कौशल प्रभावित हुआ था। बच्चे पहले का सीखा भूल गए और बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल भी छोड़ना पड़ा। असर की रिपोर्ट बताती है कि जहां नामांकन प्रतिशत में वृद्धि हुई है,वहीं डिजिटल साक्षरता की दर में भी वृद्धि देखी गई है। सुखद है कि कोरोना काल के बाद स्कूलों में पढ़ाई को लेकर गंभीरता देखी गई है। जागरूकता अभिभावकों के स्तर पर भी देखी गई है। हालांकि, बीते वर्ष के मुकाबले छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों के दाखिलों में कमी देखी गई है। जिसकी वजह है कि कोरोना संकट के चलते रोजगार प्रभावित होने से जो बच्चे सरकारी स्कूलों की तरफ आए थे, वे फिर आय बढ़ने पर निजी स्कूलों की ओर रुख करने लगे हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भरोसा कायम करने की जरूरत है। वैसे सरकारी स्कूलों में भी स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। वहीं दूसरी असर की रिपोर्ट में पंजाब को लेकर कहा गया है कि स्कूली बच्चे पंजाबी पढ़ने को लेकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब सरकार के स्कूलों में कक्षा तीन के केवल 34 फीसदी छात्र ही दूसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें पढ़ सकते हैं। हालांकि, पढ़ने की क्षमता और अंकगणित की समस्याओं के हल करने के मामले में सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया । लेकिन चौंकाने वाली बात यह कि सरकारी व निजी स्कूलों के तीसरी कक्षा के 15 फीसदी से अधिक छात्र ही गुरुमुखी लिपि के अक्षर पढ़ सकते हैं, शब्द नहीं। वहीं 4.6 फीसदी छात्र पंजाबी के अक्षर भी नहीं पढ़ सकते। हालांकि, बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पंजाब राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में रहा है। राष्ट्रीय स्तर से बेहतर 97.4 स्कूलों मे मध्याह्न भोजन परोसा गया। वहीं राष्ट्रीय औसत 11.1 के मुकाबले 32.7 फीसदी स्कूलों में छात्र कंप्यूटर का उपयोग करते हैं। लेकिन अभी सुधार की बहुत गुंजाइश है।

# अमेरिकी वर्चस्व को डीपसीक की चुनौती

अमेरिकी सत्ता पर दोबारा काबिज होने के पहले ही दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चीनी एप टिकटॉक पर अपने देश में लगी पाबंदी हटाने का ऐलान किया, तो उन्हें अहसास नहीं रहा होगा कि एक अन्य चीनी क्रांति उनकी नींद हराम करने के लिए पैदा हो गई है। यह क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उस दायरे में हुई है, जिसमें ओपन एआई, गूगल और फेसबुक आदि इंटरनेट कंपनियों के चैटजीपीटी, जेमनाई (बार्ड), को-पायलट और मेटा एआई जैसे अमेरिकी टूल या सॉफ्टवेयर पूरी दुनिया पर कब्जा किए हुए बैठे हैं। बात डीपसीक आर-1 नामक उस चीनी चैटबॉट की है, जिसके आगमन ने एआई बरतने वालों में यह कौतूहल जगा दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले अमेरिकी टूल्स या सॉफ्टवेयर के मुकाबले ग्राहकों को इस चीनी इंतजाम की सुविधाएं मुफ्त हासिल होंगी और ज्यादा तेजी से मिलेंगी। डीपसीक इसकी सबसे ताजा मिसाल है कि तकनीक के क्षेत्र में किसी एक देश, इलाके या कंपनी का एकछत्र साम्राज्य या एकाधिकार कितनी तेजी से ध्वस्त हो सकता है। इससे भरोसा जगा है कि अगर कोई गरीब या विकासशील मुल्क मामूली संसाधनों के बल पर विकसित देशों के बराबर पहुंचना चाहे, तो दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर आज वह ऐसा आसानी से कर सकता है।

याद कीजिए, जब 1980 के दशक के आखिर में अमेरिका ने भारत को क्रे नामक सुपर कम्प्यूटर देने से इनकार कर दिया था। वह आशंकित था कि भारत इसका इस्तेमाल अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में कर सकता है। कालांतर में भारत के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने परम-8000 नामक सुपर कंप्यूटर बना लिया। दिखा दिया कि तकनीकी क्रांति में किसी की बपौती नहीं चल सकती। आज वही हालात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में बन गए हैं। चीन एआई में बराबरी में आने के बारे में भी न सोच सके, इसका प्रबंध बाइडेन सरकार ने डच कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली लिथोग्राफी मशीनों की चीन को बिक्री पर रोक लगाने के रूप में किया था। ये मशीनें बेहद एडवांस माइक्रोचिप्स बना सकती हैं। इनका इस्तेमाल एआई के टूल्स और सॉफ्टवेयर में होता है। हालांकि, डीपसीक के निर्माता अमेरिकी कंपनी एनवीडिया से खास किस्म के माइक्रोचिप्स (ए-100 और एच-800) पहले ही खरीद चुके थे, लिहाजा उनका अत्यधिक किफायत से इस्तेमाल कर चैटबॉट डीपसीक बना डाला गया।

कहां तो अमेरिका इस कोशिश में था कि चीन एआई के मामले में उसका पिछलग्गू बना रहे, लेकिन लागत और तेजी में डीपसीक उससे आगे निकल गया। डीपसीक आर-1 के आर्थिक फायदे-नुकसान की एक तस्वीर तो दुनिया देख ही चुकी है। जैसे ही अमेरिका में डीपसीक के पहुंचने की खबरें आईं, उसके शेयर बाजारों में तबाही का आलम पैदा हो गया। इसकी वजह एआई के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलना है। डीपसीक आर-1 चूंकि एक मुफ्त (ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर) एआई टूल या कहें कि चैटबॉट है, जिसे बनाने में अमेरिका की



महंगी तकनीक और माइक्रो चिप्स की बजाय उनके सस्ते संस्करण इस्तेमाल किए गए हैं, लिहाजा माना गया कि तकनीक के आविष्कार और उसे आजमाने की जो लागत और कीमत अमेरिकी कंपनियां बताती रही हैं, वे बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई हैं।

मिसाल के तौर पर अमेरिकी कंपनी ओपन एआई ने चैटजीपीटी को जिस लागत में बनाया था, डीपसीक के निर्माण की लागत उससे दस गुना कम (60 लाख डॉलर यानी करीब 52 करोड़ रुपये) आई है। इस चीनी कंपनी ने साबित कर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले वही काम बेहद सस्ते में और कई मामलों में मुफ्त में हो सकते हैं जिनके लिए अमेरिकी कंपनियां दसियों गुना ज्यादा पैसा ले रही हैं। हालांकि, कुछ का कहना है कि यह दावा करना कि एआई का कोई बेहद शानदार प्रबंध बहुत कम पैसे में हो गया है- एक भू-रणनीतिक योजना का हिस्सा हो सकता है। ऐसा कहने के पीछे अमेरिका के खिलाफ आर्थिक युद्ध छेड़ने की मंशा काम कर

**डॉ. संजय वर्मा**

रही होगी। दरअसल, कृत्रिम रूप से कम लागत का दावा करने का अर्थ यह साबित करना है कि अमेरिकी कंपनियां छद्म रूप से लागत और कीमतें कई गुना बढ़ाकर बताती हैं। लेकिन यदि वही काम दस-बीस गुना कम कीमत में हो सकता है, तो प्रतिस्पर्धा में आने वाली कंपनी या तो अपने उत्पाद की कीमत उसकी बराबरी में लाने को मजबूर हो जाएगी या फिर घाटा उठाने अथवा कामकाज बंद करने को मजबूर हो जाएगी। लेकिन क्या मुफ्त होने के साथ-साथ डीपसीक आर-1 चैटजीपीटी या गूगल के जेमनाई की तरह ही सक्षम है और उनकी बराबरी कर सकता है।

अभी दो चीजों को लेकर डीपसीक की घेराबंदी शुरू हो गई है।

पहली चीज है पूर्वाग्रह-प्रेरित जवाब देना या जवाब देने से इनकार कर देना। जैसे, जब डीपसीक पर सवाल पूछा गया कि चार जून, 1989 को तियानमेन चौराहे पर द टैंकमैन नामक मशहूर घटना का विवरण क्या है, तो डीपसीक जवाब देने से कन्नी काट गया। सवाल दोहराते रहने पर भी यही जवाब मिला कि वह तो एक एआई अस्सिटेंट है, जिसे कोई नुकसान पहुंचाने वाले जवाबों से परहेज बरतने के लिए डिजाइन किया गया है। दूसरा एतराज डीपसीक को लेकर यह है कि यदि आप इस पर पंजीकरण (साइन-अप) करते हैं, तो यह आपकी सारी निजी जानकारियां चीन तक पहुंचा देगा। भारत में चीन के सोशल मीडिया एप- टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने और अमेरिका में चीनी कंपनी हुवावे का कारोबार रोकने के पीछे यही तर्क दिया जाता रहा है कि ये चीनी उपकरण और स्मार्ट मशीनें जासूसी करती हैं।

बहरहाल, एआई के सस्ते-महंगे होने और इनके उपकरणों आदि से जासूसी कराने अथवा निजी जानकारियां समेटने के जितने भी आरोप-प्रत्यारोप हैं- वे सब एक दिन बेमानी हो जाएंगे। ऐसा तब होगा, जब एआई की बादशाहत की जंग अमेरिका-चीन से आगे बढ़कर भारत आदि दूसरों मुल्कों में पहुंच जाएगी। आशय यह है कि जब कुछ और देश चीन-अमेरिका जैसी समान महारत वाले कारनामे एआई में करने लगेंगे, तो बराबरी का एक मैदान तैयार हो जाएगा।

हम ऐसा मान सकते हैं कि इसमें अगली ईंट भारत लगा सकता है। ठीक उसी तरह, जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान की जंग में इसरो ने अमेरिका, चीन, रूस आदि को कड़ी चुनौती दी है।

एआई में भी कोई भारतीय कंपनी खम ठोक मैदान में उतर सकती है और पूरा नजारा बदल सकती है।


जीवन मंत्र

# लाइफ में असफल इंसान अक्सर इन 6 बातों को जरूर बोलते हैं

अगर कोई इंसान सारे कामों को करने के लिए अगले दिन पर टाल रहा है। तो इसका मतलब है कि वो कभी भी सफल नहीं बन पाएगा।जो इंसान लाइफ में बार-बार फेल होते हैं। वो कभी भी अपनी गलती को नहीं मानते और यहीं आदत ही उन्हें फेलियर बनाती है।

लाइफ में हमेशा असफल और फेल होने वाले इंसान अक्सर ये 6 बातों को जरूर बोलते हैं। जान लें कहीं आप भी तो इन बातों को नहीं कहते।सक्सेजफुल होने के लिए लोग कठिन मेहनत करते हैं। लेकिन अक्सर छोटी-छोटी बातों को इग्नोर कर देते हैं। अगर लाइफ में करियर से लेकर रिलेशनशिप में असफलता ही मिल रही है। तो उसके लिए ज्यादातर कुछ आदतें जिम्मेदार होती है। अक्सर देखने को मिलता है कि जो इंसान असफल है लाइफ में वो इन 6 बातों को दोहराता है। अगर आप भी इन बातों को बोलते हैं तो जान लें और आज से बोलना छोड़ दें। नहीं तो लाइफ में कभी भी सक्सेज नहीं मिलेगी।

अगर कोई इंसान सारे कामों को करने के लिए अगले दिन पर टाल रहा है। तो इसका मतलब है कि वो कभी भी सफल नहीं बन पाएगा।जो इंसान लाइफ में बार-बार फेल होते हैं। वो कभी भी अपनी गलती को नहीं मानते और यहीं आदत ही उन्हें फेलियर बनाती है। जब इंसान किसी काम के ना होने की जिम्मेदारी नहीं



लेता है तो उसे उन कमियों और अच्छाईयों के बारे में भी पता नहीं चलता और ना ही वो उन कमियों को दूर कर पाता है।सफल लोग दूसरों से अक्सर ये कहते सुने जाते हैं कि तुम्हारे लिए ये कहना बहुत आसान है। क्योंकि वो हर काम को कठिन और मुश्किल समझते हैं।अगर हेल्दी और फिट भी रहना है तो अक्सर लोग कहते हैं कि मेरे पास टाइम नही है। ये बातें हमेशा असफल लोग ही कहते हैं। किसी नए काम को ना शुरू ना कर पाने की सिचुएशन में अक्सर लोग कहते हैं और यहीं फेलियर लोगों की निशानी है।काफी सारे फेलियर लोग दूसरों की सक्सेज को उनकी किस्मत से कनेक्ट करते हैं और कहते हैं कि तुम बहुत लकी हो। लेकिन मेरे पास ऐसा लक कहां। जबकि सफलता के लिए कड़ी मेहनत और अच्छी आदतें जरूरी हैं।बिना प्रयास किए ही बोलना कि मुझसे नहीं होगा। ये फेलियर लोगों की ही निशानी है।

जीवन ऊर्जा

कल्पना चावला : निधन- 1 फरवरी 2003 देहावसान

अंतिरक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हरियाणा राज्य में स्थित एक छोटे से शहर करनाल में 1 जुलाई, 1961 को हुआ था। उनके माता-पिता बनारसी लाल चावला और संज्योति थे, जिनकी कल्पना के अलावा दो अन्य बेटियां और एक बेटे थे। भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा ही उनकी अंतिम यात्रा साबित हुई। 16 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरा कर लौट रहा अमरीकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया में 1 फरवरी 2003 को धरती से 63 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी के वायुमंडल मे प्रवेश करते ही टूटकर बिखर गया। देखते ही देखते अंतरिक्ष यान और उसमें सवार सातों यात्रियों की मौत हो गई।

# जो भी जीवन में करो, उसका भरपूर आनंद लो

मैं कहूंगी कि अगर आपका कोई सपना है तो उसका पालन करें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप महिला हैं या भारत से या कहीं से भी। यात्रा उतनी ही मायने रखती है जितना कि लक्ष्य। मैं भाग्यशाली थी कि पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में मुझे एयरोस्पेस इंजीनियरिंग शाखा मिली। वास्तव में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग मेरा प्रिय विषय था, जिसमें मै जाना चाहती थी। हमने हिमालय को दो मिनट से भी कम समय में पार किया और तब आपको पता चलता है, 'हे भगवान, डेढ़ घंटे के भीतर, हम पूरे ग्रह का चक्कर लगा चुके हैं। यदि आप कुछ करना चाहते हैं, तो इससे क्या फर्क पड़ता है कि आप किस स्थान पर हैं? मुझे जीवन में अनेक लोगो से प्रेरणा मिली है, मुझे मेरे अध्यापक और महान लेखकों की पुस्तकों से प्रेरणा मिली है। भौतिक हित ही एकमात्र मार्गदर्शक प्रकाश नहीं हैं। मैं हमेशा से ही बहुत दृढ़ निश्चय वाली हूं। मैं आसानी से नहीं हतोत्साहित होती हूं। जब आप तारों और आकाशगंगा को देखते हैं तो आपको लगता है कि आप केवल किसी विशेष भूमि के टुकड़े से नहीं,



बल्कि सौर मंडल से हैं। कुछ ऐसा करो, जिसे आप सच में करना पसंद करते हो। अगर आप बस इसे अपना लक्ष्य समझकर कर रहे हो और उसे करने की प्रक्रिया का आनंद नहीं ले रहे हो, तब मुझे लगता है कि आप खुद के साथ विश्वासघात कर रहे हो। जो भी जीवन में करो, उसका भरपूर आनंद लो। जरूरी नहीं कि सबसे तेज़ तरीका सबसे अच्छा हो। मैं जो करना चाहती हूं उसकी सूची इतनी लंबी है, मुझे उन्हें हासिल करने के लिए कुछ जन्मों की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए मैं छोटे विमान उड़ाना चाहूंगी, शायद एक दिन गंगा के ऊपर। कुछ करो, क्योंकि तुम सच में करना चाहते हो। यदि आप इसे केवल लक्ष्य के लिए कर रहे हैं और पथ का आनंद नहीं ले रहे हैं, तो मुझे लगता है कि आप स्वयं को धोखा दे रहे हैं।

## शख्सियत — सतपाल सिंह

# भारत के कुश्ती कोच और पूर्व पहलवान



सतपाल सिंह का जन्म 1 फरवरी 1955 को दिल्ली के बवाना गांव में हुआ था। उन्हें दिल्ली के हनुमान अखाड़े में प्रसिद्ध कुश्ती कोच गुरु हनुमान द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। वह 16 वर्षों तक भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन रहे। उन्होंने 1974, 1978 और 1982 के राष्ट्रमंडल खेलों में 3 रजत पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में अंतर्राष्ट्रीय सफलता हासिल की। उनकी इस जीत ने पूरे देश को गौरवांतित किया।

सतपाल सिंह, जिन्हें गुरु सतपाल के नाम से भी जाना जाता है, भारत के कुश्ती कोच और पूर्व पहलवान हैं। वह 1982 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता और 1974 एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता थे। आज उन्हें ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार और रवि कुमार दहिया के कोच के रूप में जाना जाता है। उन्हें 2015 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

एशियाई खेलों में भी, उन्होंने लगातार खेलों में अपने प्रदर्शन में सुधार किया, 1974 में कांस्य, 1978 में रजत और 1982 में स्वर्ण पदक जीता। सतपाल पारंपरिक कुश्ती में भी अच्छे थे। उन्होंने भारत कुमार (1973), रुस्तम-ए-हिंद (1974 और 1975), भारत केसरी (1975), रुस्तम-ए-भारत (1975), महा भारत केसरी (1976), महान भारत केसरी (1976) जैसे कई खिताब जीते। , रुस्तम-ए-ज़मां (1976), हिंद केसरी (1977), भारत श्री (1978) और भारत बलराम (1979)। सतपाल अब दिल्ली में सहायक शिक्षा निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वह स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य संरक्षक भी हैं। वह 1988 से दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में साथी कोच वीरेंद्र सिंह के साथ कुश्ती की कोचिंग के लिए अखाड़ा चलाते हैं। उन्होंने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार को बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 के लिए प्रशिक्षित किया।

उन्हें 2009 में भारत सरकार द्वारा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्हें 1974 में अर्जुन पुरस्कार और 1983 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# उपकार करना एक महान गुण है

जंगल में शेर और शेरनी अपने बच्चों को अकेला छोड़कर शिकार के लिये दूर तक निकल गये। जब देर तक नहीं लौटे तो बच्चे भूख से छटपटाने लगे। उसी समय एक बकरी आई उसे दया आई और उसने उन बच्चों को दूध पिलाया,



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

फिर बच्चे मस्ती करने लगे। तभी शेर और शेरनी आये। बकरी को देख लाल पीले होकर शेर हमला करता, उससे पहले बच्चों ने कहा इसने हमें दूध पिलाकर बड़ा उपकार किया है। नहीं तो हम मर जाते। अब शेर खुश हुआ और उसने कृतज्ञता के भाव से कहा हम तुम्हारा उपकार कभी नही भूलेंगे। जाओ अब आजादी के साथ जंगल मे घूमो फिरो मौज करो। अब बकरी जंगल में निर्भयता के साथ रहने लगी। यहाँ तक कि वह शेर के पीठ पर बैठकर भी कभी कभी पेड़ों के पत्ते खाती थी।

यह दृश्य चील ने देखा तो हैरानी से बकरी से पूछा तब उसे पता चला कि उपकार का कितना महत्व है। चील ने यह सोचकर कि एक प्रयोग मैं भी करती हूँ। उसने देखा चूहों के छोटे-छोटे बच्चे दलदल में फंसे थे। निकलने का प्रयास



करते पर कोशिश बेकार। चील ने उनको पकड़-पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बच्चे भीगे थे सर्दी से कांप रहे थे तब चील ने अपने पंखों में छुपाया। बच्चों को बेहद राहत मिली। काफी समय बाद चील उड़कर जाने लगी तो हैरान हो उठी चूहों के बच्चों ने उसके पंख कुतर डाले थे।

चील ने यह घटना बकरी को सुनाई तुमने भी उपकार किया और मैंने भी फिर हमें फल अलग-अलग क्यों मिला? बकरी हंसी फिर गंभीरता से कहा-उपकार करो तो शेरों पर करो चूहों पर नहीं।

इसका कारण है, क्योंकि कायर कभी उपकार को याद नही रखते और बहादुर कभी उपकार नहीं भूलते। इस कहानी से हमें निम्नलिखित शिक्षाएं मिलती हैं-

उपकार का महत्व, उपकार करना एक महान गुण है, लेकिन इसे सोच समझकर सही व्यक्ति पर करना चाहिए, ताकि उसका सकारात्मक परिणाम मिले।

आभार का मूल्य साहसी और दयालु लोग हमेशा दूसरों के उपकार को याद रखते हैं और उसका सम्मान करते हैं जबकि स्वार्थी और कायर लोग उपकार का सम्मान नहीं करते। सही व्यक्ति का चयन मदद और दया दिखाने से पहले यह समझना जरूरी है कि सामने वाला व्यक्ति उस उपकार के योग्य है या नहीं। सतर्कता जरूरी है भले ही दया और उपकार हमारी प्रवृत्ति हो। लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि हम उन स्थितियों और लोगों का आकलन करें जो हमारे प्रयासों का सही सम्मान करेंगे।

यह कहानी हमें सिखाती है कि उपकार करना आवश्यक है लेकिन विवेक और सावधानी के साथ।

## अपने विचार

मैं और हर भाजपा कार्यकर्ता सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए प्रयोग किए गए शब्दों की कड़ी निंदा करते हैं। जानबूझकर ऐसे शब्दों का प्रयोग कांग्रेस पार्टी की अभिजात्य, गरीब विरोधी और आदिवासी विरोधी प्रकृति को दर्शाता है।



**-जेपी नड्डा,** केंद्रीय मंत्री

अगर हरियाणा सरकार और भ्रष्ट आचरण में शामिल भाजपा नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यह सभी के लिए स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्य चुनाव आयुक्त जनता के हित से ऊपर सत्तारूढ़ पार्टी के हित को रखते हैं।



**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम

पांच साल पहले केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना में स्नान करेंगें, यमुना का पानी पिएंगे। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी वह यमुना को साफ नहीं कर सके। दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है और वह शीश महल में रहते हैं।



**-राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता

भाजपा ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जेल भेजने का वादा किया था, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय उन्होंने उन्हीं नेताओं को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया।



**-राज ठाकरे**, **MNS**,प्रमुख

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बुर्काधारी छात्राओं पर रोक की मांग असंवैधानिक: विधायक रईस शेख

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**



समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में बुर्का पहनने वाली छात्राओं को रोकने की मांग का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे की इस मांग को "असंवैधानिक" और "धर्म में हस्तक्षेप" करार दिया है।

### क्या है मामला?

29 जनवरी 2025 को मंत्री नितेश राणे ने राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे को पत्र लिखकर मांग की थी कि बोर्ड परीक्षाओं में बुर्का पहनने वाली छात्राओं को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश न दिया जाए। इस पर विधायक रईस शेख ने आपत्ति जताई और इसे मुस्लिम छात्राओं को शिक्षा से वंचित करने की "कुटिल चाल" बताया।

### संविधान का उल्लंघन

रईस शेख ने अपने पत्र में लिखा कि बुर्का या हेडस्कार्फ़ पहनना धार्मिक आजादी का हिस्सा है। संविधान का अनुच्छेद 15 धर्म के आधार पर भेदभाव को रोकता है। बोर्ड परीक्षा में बुर्का प्रतिबंधित करना शिक्षा से वंचित करने का प्रयास है।

### शिक्षा क्षेत्र में ध्रुवीकरण का खतरा

विधायक शेख ने चेतावनी दी कि अगर यह मांग स्वीकार कर ली गई तो इससे शिक्षा क्षेत्र में ध्रुवीकरण बढ़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि वे इस मांग को पूरी तरह खारिज करें।

# नीरज कुमार दोहरे ने मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का पदभार किया ग्रहण

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

नीरज कुमार दोहरे ने मध्य रेल, मुंबई के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एसडीजीएम) का पदभार ग्रहण किया। वे भारतीय रेलवे भंडार सेवा (आईआरएसएस) के 1991 बैच के अधिकारी हैं।

### लोक प्रशासन में उच्च शिक्षा और अनुभव

2017-18 में दोहरे ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रैशन (आईआईपीए), नई दिल्ली से लोक प्रशासन में मास्टर्स डिप्लोमा प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सामग्री की खरीद, स्क्रैप बिक्री और स्टोर डिपो प्रबंधन में अपने अनुभव को विस्तार दिया।



### शिक्षा और प्रारंभिक कैरियर

दोहरे ने 1991 में हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट, कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक किया और 30 नवंबर 1992 को भारतीय रेलवे से जुड़ने के बाद अपने करियर की शुरुआत की। एसडीजीएम बनने से पहले, श्री दोहरे 2022 से 2025 तक मध्य रेल के सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण योगदान

अपने करियर में दोहरे ने भारतीय रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में काम किया है, जिनमें 2019-2022 तक मध्य रेल में मुख्य सामग्री प्रबंधक, 2018-2019 तक कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन में इसी पद पर कार्य, 2015-2017 तक रेलवे बोर्ड में रेलवे स्टोर्स इन्वेंटरी कंट्रोल के निदेशक, और 2003-2014 तक पश्चिम रेलवे में उप मुख्य सामग्री प्रबंधक के रूप में कार्य किया।

# जोगेश्वरी-कांदिवली के बीच 2 फरवरी को जंबो ब्लॉक



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव के लिए 2 फरवरी 2025 (रविवार) को जोगेश्वरी और कांदिवली स्टेशनों के बीच 5वीं लाइन पर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चार घंटे का जंबो ब्लॉक लेगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, ब्लॉक के दौरान बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें अंधेरी और बोरीवली स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर चलेंगी और उन्हें बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 से संचालित किया जाएगा।

इस दौरान कुछ उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द रहेंगी। विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा के दौरान इन बदलावों को ध्यान में रखें।

# मानपाडा पुलिस थाने की दीवारों पर संदेशात्मक चित्रकारी

## भित्ति चित्रों से जागरूकता अभियान

**सुशील सिंह | डोंबिवली**

मानपाडा पुलिस थाने ने अपनी दीवारों को आकर्षक भित्ति चित्रों से सजाकर एक नई पहल की है, जिससे न केवल थाने की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि जन जागरूकता को भी बढ़ावा मिल रहा है। इन चित्रों के माध्यम से कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, त्योहारों में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाया गया है।




### वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक का बयान

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने ने बताया, "हमारा उद्देश्य है कि इन चित्रों के माध्यम से पुलिस की कार्यशैली, सुरक्षा व्यवस्था और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी लोगों तक पहुंचे।"

### थ्री-डी कला से सजी दीवारें

थाने की दीवारों पर थ्री-डी कला के जरिए बनाए गए ये चित्र देखने में बेहद आकर्षक हैं और लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। इसके अलावा, दिशा-निर्देशक फलक भी लगाए गए हैं, जो आम जनता को पुलिस की सेवाओं के बारे में जानकारी देते हैं।

### समुदाय से बेहतर जुड़ाव

यह पहल न केवल थाने को एक नया रूप दे रही है, बल्कि स्थानीय समुदाय और पुलिस के बीच बेहतर संवाद और विश्वास भी स्थापित कर रही है। मानपाडा पुलिस की यह पहल अन्य थानों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है।

# वंचित बच्चों के लिए मुफ्त ऑनलाइन स्कूल प्रवेश शुरू

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) के शिक्षा विभाग ने वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25% आरक्षित सीटों पर मुफ्त ऑनलाइन स्कूल प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। यह पहल निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत की गई है, जिससे समाज के पिछड़े वर्गों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल सकें।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया



इच्छुक अभिभावक 02 फरवरी 2025 तक महाराष्ट्र सरकार की वेबसाइट https://student.maharashtra.gov.in/admission/index_new पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा स्वयंपोषित, बिना अनुदानित, पुलिस कल्याणकारी और मनपा स्वयंपोषित स्कूलों में कक्षा 1 और पूर्व प्राथमिक स्तर के लिए उपलब्ध है। सहायता केंद्र और स्कूलों की सूची KDMC की वेबसाइट www.kdmc.gov.in पर उपलब्ध है। इस योजना के तहत, कल्याण डोंबिवली मनपा शिक्षा के क्षेत्र में समानता और समावेशन को बढ़ावा दे रही है।

### पात्रता मानदंड

- अनुसूचित जाति / जनजाति
- विमुक्त जाति / भटकती जनजाति
- अन्य पिछड़ा वर्ग / विशेष पिछड़ा वर्ग
- एच.आई.वी. संक्रमित या कोविड प्रभावित बच्चे
- अनाथ और दिव्यांग बच्चे

### आवश्यक दस्तावेज

- जाति प्रमाणपत्र
- जन्म प्रमाणपत्र
- निवास प्रमाण
- आय प्रमाणपत्र
- दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

# विरार और वैतरणा तथा सफाले और केलवे रोड के बीच ब्लॉक

## कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे के द्वारा 1 और 9 फरवरी 2025 को विरार और वैतरणा तथा सफाले और केलवे रोड के बीच पीएससी स्लैब और गर्डर लॉन्च करने के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान कुछ ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी।

### ब्लॉक का समय

ब्लॉक 01 फरवरी, 2025 को 22:50 बजे से 04:50 बजे तक (6 घंटे) और 9 फरवरी, 2025 को 01:40 बजे से 07:10 बजे तक (5 घंटे 30 मिनट) लिया जाएगा। इस कारण अप और डाउन मेन लाइन पर पांच घंटे का ब्लॉक रहेगा। विभिन्न लोकल और पैसेंजर ट्रेनें इस दौरान निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट या आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

### रेगुलेट होने वाली ट्रेनें

1/2 फरवरी, 2025 को रेगुलेट/रिशेड्युल होने वाली ट्रेनों में ट्रेन संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 11087 वेरावल-पुणे एक्सप्रेस 2 घंटे 20 मिनट, ट्रेन संख्या 22946 ओखा-मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल 2 घंटे 20 मिनट, ट्रेन संख्या 22904 भुज-बांद्रा टर्मिनस एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 22928 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस लोकशक्ति एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट, ट्रेन संख्या 19218 वेरावल-बांद्रा टर्मिनस सौराष्ट्र जनता एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट, ट्रेन संख्या 12928 एकता नगर-दादर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटे 20 मिनट, और 1 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22944 इंदौर-दौंड एक्सप्रेस 2 घंटे रिशेड्यूल की जाएगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से छूटेगी, ट्रेन संख्या 12902 अहमदाबाद-दादर गुजरात मेल अहमदाबाद से 2 घंटे की देरी से छूटेगी, ट्रेन संख्या 12962 इंदौर-मुंबई सेंट्रल अवंतिका एक्सप्रेस इंदौर से 2 घंटे की देरी से छूटेगी, ट्रेन संख्या 12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 14707 लालगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 12215 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस-गरीब रथ एक्सप्रेस 1 घंटा, ट्रेन संख्या 12268 हापा-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस 1 घंटा, ट्रेन संख्या 12972 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटा, ट्रेन संख्या 12952 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटा, ट्रेन संख्या 93002 दहानू रोड-चर्चगेट लोकल दहानू रोड से 04:40 बजे रवाना होने वाली 50 मिनट।

### आंशिक रूप से निरस्तीकरण

1 फरवरी, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन / आंशिक रूप से निरस्तीकरण में ट्रेन संख्या 69144 संजन-विरार पैसेंजर दहानू रोड में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और दहानू रोड एवं विरार के बीच आंशिक रूप से निरस्त होगी, ट्रेन संख्या 19426 नंदुरबार-बोरीवली एक्सप्रेस नंदुरबार से रवाना होगी और बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोईसर और बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त होगी, और ट्रेन संख्या 69140 सूरत-विरार पैसेंजर दहानू रोड में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और दहानू रोड एवं विरार के बीच आंशिक रूप से निरस्त होगी।

2 फरवरी, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेनों की शॉर्ट टर्मिनेशन/आंशिक रूप से निरस्तीकरण में ट्रेन संख्या 69143 विरार-संजन पैसेंजर वानगांव से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और विरार एवं वानगांव के बीच आंशिक रूप से निरस्त होगी, और ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच पैसेंजर दहानू रोड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और विरार एवं दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

9 फरवरी, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/आंशिक रूप से निरस्तीकरण में 8 फरवरी, 2025 को ट्रेन संख्या 69140 सूरत-विरार पैसेंजर पालघर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा पालघर और विरार के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी, ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच पैसेंजर पालघर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा विरार और पालघर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी, और ट्रेन संख्या 69164 दहानू रोड-पनवेल वसई रोड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा दहानू रोड और वसई रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### निरस्त होने वाली ट्रेनें:

निरस्त होने वाली ट्रेनों में 1 फरवरी, 2025 को 21:20 बजे विरार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93039 विरार- दहानू रोड लोकल, 1 फरवरी, 2025 को 22:45 बजे दहानू रोड से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93042 दहानू रोड- विरार लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 04:50 बजे विरार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93001 विरार- दहानू रोड लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 07:00 बजे दहानू रोड से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93006 दहानू रोड- चर्चगेट लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 22:05 बजे चर्चगेट से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या90963 चर्चगेट- नालासोपारा लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 05:35 बजे विरार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93003 विरार- दहानू रोड लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 07:10 बजे दहानू रोड से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93008 दहानू रोड- चर्चगेट लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 11:33 बजे चर्चगेट से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या90403 चर्चगेट- नालासोपारा लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 05:03 बजे चर्चगेट से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93005 चर्चगेट- दहानू रोड लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 08:35 बजे दहानू रोड से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या93010 दहानू रोड- बोरीवली लोकल, 9 फरवरी, 2025 को 10:22 बजे बोरीवली से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या90344 बोरीवली- चर्चगेट लोकल, 9 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या69143 विरार- संजान पैसेंजर और 9 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या61001 बोईसर- वसई रोड पैसेंजर शामिल हैं।

# कल्याण-वांगनी के बीच एफओबी गर्डर लॉन्चिंग के लिए विशेष ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल, मुंबई मंडल 1 और 2 फरवरी (शनिवार-रविवार रात्रि) को कल्याण और वांगनी के बीच फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के मुख्य गर्डरों की लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक आयोजित करेगा। यह ब्लॉक तीन खंडों में संचालित किया जाएगा।



### ब्लॉक का विवरण

ब्लॉक का संचालन 01:30 बजे से 03:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें कल्याण और बदलापुर के बीच अप और डाउन लाइनें (स्टेशनों को छोड़कर) तथा बदलापुर और वांगनी के बीच अप और डाउन लाइनें शामिल होंगी। इस दौरान 12 मीटर और 4 मीटर चौड़े एफओबी गर्डरों की स्थापना की जाएगी। कर्जत और भिवपुरी रोड के बीच भी 2 कम्पोजिट प्लेट गर्डरों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 02:00 बजे से 03:30 बजे तक पावर ब्लॉक रहेगा।

### मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन

ब्लॉक के कारण मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया जाएगा। ट्रेन संख्या 11020 (भुवनेश्वर-सीएसएमटी कोणार्क एक्सप्रेस), 18519 (विशाखापत्तनम-एलटीटी एक्सप्रेस), 12702 (हैदराबाद-सीएसएमटी हुसैनसागर एक्सप्रेस) और 11140 (होसपेटे-सीएसएमटी एक्सप्रेस) को कर्जत-पनवेल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा और पनवेल और कल्याण में ठहराव दिया जाएगा।

### उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन

ब्लॉक अवधि के दौरान कल्याण और कर्जत सेक्शन के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल 23:51 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी, जो 01:49 बजे कर्जत पहुंचेगी। ब्लॉक के बाद पहली लोकल 03:35 बजे कर्जत से प्रस्थान करेगी और 05:56 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी।

**वृष:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**कर्क:** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं।

**सिंह:** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें।

**कन्या:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**तुला:** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी।

**धनु:** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर:** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**कुंभ:** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मीन:** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

# पिछले जन्म में आप क्या थे, जानिए 10 संकेत

1. ज्योतिष के अनुसार जातक के लग्न में उच्च या स्वराशि का बुध या चंद्र स्थिति हो तो यह उसके पूर्व जन्म में सद्गुणी व्यापारी होने का सूचक है। लग्नस्थ बुध है तो वणिक पुत्र होकर विविध क्लेशों से ग्रस्त था।
2. किसी जातक की कुंडली के लग्न स्थान में मंगल उच्च राशि या स्वराशि में स्थित हो तो इसका अर्थ है कि वह पूर्व जन्म में योद्धा था। यदि मंगल षष्ठ, सप्तम या दशम भाव में है तो यह माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में बहुत क्रोधी स्वभाव का था।
3. यदि जातक की कुंडली में 4 या इससे अधिक ग्रह उच्च राशि के अथवा स्वराशि के हों तो यह माना जाता है कि जातक उत्तम योनि या जीवन भोगकर यहां जन्म लिया है।
4. यदि जातक की कुंडली में 4 या इससे अधिक ग्रह नीच राशि के हों तो ऐसा माना जाता है कि जातक ने पूर्वजन्म में निश्चय ही आत्महत्या की होगी।





प्रियंका जैन
9769994439

5. यदि जातक की कुंडली में लग्नस्थ गुरु है तो माना जाता है कि जन्म लेने वाला जातक बहुत ज्यादा धार्मिक स्वाभाव का था। यदि जातक की कुंडली में कहीं भी उच्च का गुरु होकर लग्न को देख रहा हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में धर्मात्मा, सद्गुणी एवं विवेकशील साधु अथवा तपस्वी था। गुरु शुभ ग्रहों से दृष्ट हो या पंचम या नवम भाव में हो तो भी उसे संन्यासी माना जाता है।
6. यदि कुंडली में सूर्य छठे, आठवें या बारहवें भाव में हो अथवा तुला राशि का हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में भ्रष्ट जीवन जीकर जन्मा है।
7. यदि जातक की कुंडली में लग्न या सप्तम भाव में शुक्र ग्रह हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में जीवन के सभी सुखों को भोगने वाला राजा अथवा सेठ था।
8. यदि जातक की कुंडली में लग्न, एकादश, सप्तम या चौथे भाव में शनि हो तो यह माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में पापपूर्ण कार्यों में लिप्त था।
9. यदि जातक की कुंडली में लग्न या सप्तम भाव में राहु हो तो यह माना जाता है कि जातक की मृत्यु स्वभाविक रूप से नहीं हुई होगी।
10. यदि जातक की कुंडली में ग्यारहवें भाव में सूर्य, पांचवें में गुरु तथा बारहवें में शुक्र है तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में धर्मात्मा प्रवृत्ति का तथा लोगों की मदद करने वाला था।

न्यूज़ ब्रीफ

### महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी किन्नर अखाड़े से निष्कासित

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने पर आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर गाज गिर गई है। संस्थापक ऋषि अजय दास ने लक्ष्मी नारायण को पदमुक्त कर दिया है। साथ ही अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को भी पद से हटा दिया है। फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद किन्नर अखाड़े में घमासान शुरू हो गया है। अखाड़े के संतों की आपत्ति के बाद अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को पदमुक्त कर दिया है। इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया है। हालांकि आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया है।

### ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के अवैध कारोबार का भंडाफोड़



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के अवैध निर्माण और उसकी बिक्री-खरीद के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) व एसटीएफ ने मदेयगंज के मकान में चल रहे अवैध कारोबार पकड़ा। एसटीएफ की छापेमारी में करीब 12 घंटे कार्रवाई चली। इस दौरान मकान से 70 लाख रुपये का ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन और मशीनें आदि बरामद की गई हैं। लखनऊ में हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है। नवंबर में भी एसटीएफ ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। एसटीएफ व खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध कारोबारियों को धर दबोचा। ठाकुरगंज थाने में गिरोह के दोनों सक्रिय सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### जंगली हाथी का तांडव

**बहराइच।** बहराइच जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ट्रांस गेरुआ के जंगल व नेपाल सीमा के करीब बसे भरथापुर गांव में गुरुवार रात को जंगली टस्कर हाथी ने दस्तक दे दी। जिसने फूस के बने तीन कच्चे घरों तहस-नहस कर दिया। हाथी के उतपात के चलते लोगों का काफी नुकसान हो गया है। कतर्नियाघाट रेंज के भरथापुर गांव में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का उत्पात चल रहा है।

गुरुवार की रात दो बजे एक टस्कर हाथी गांव में घुस गया। जिसने गांव के तीन ग्रामीणों के घरों को तहस-नहस कर दिया है।गांव निवासी मिश्रीलाल पुत्र भारत, कलावती पत्नी पुतई व विनोद कुमार पुत्र राधेश्याम के फूस के कच्चे मकान को हाथी ने ढहा दिया। हाथी को भगाने के लिए गांव के लोग एकत्रित हो गए सभी टॉर्च और मशाल की रोशनी के साथ ढोल और थाली बजाते हुए हाका लगाने लगे। इस बीच हाथी ने घरों में रखे गृहस्थी के सामान को तोड़फोड़ दिया।

# पलामू में दिनदहाड़े हत्या

## अपराधियों ने बीच बाजार में मार दी गोली

**झारखंड।** हैदरनगर (पलामू)- झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहेरवाखाड़ गांव के 45 वर्षीय इमामुदीन अंसारी की अपराधियों ने दिनदहाड़े बाजार में गोली मारकर हत्या कर दी और भाग निकले। घटना शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे की बतायी जा रही है। हत्या से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इमामुद्दीन अंसारी हैदरनगर मस्जिद से जुमा की नवाज अदा करने के बाद मुख्य बाजार स्थित प्रमोद मेडिकल हॉल और जगदंबा कॉप्लेक्स के समीप किराना दुकान से सामान लेने जा रहे थे। इसी क्रम



में अपराधियों ने इमामुद्दीन अंसारी से कहा कि तुम हीरो बनते हो। इतना कहते ही पिस्टल निकालकर चार गोलियां दाग दीं। गोली उसके पेट और अन्य जगहों पर लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी पैदल हैदरनगर रेलवे गुमटी की तरफ भाग निकले। वारदात के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने तत्काल घायल युवक को एक ठेले पर लिटाकर हैदरनगर पीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद हैदरनगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल के पास से पुलिस ने दो कारतूस का खोखा बरामद किया है।

**वारदात को अंजाम देकर भाग निकले अपराधी**

स्थानीय लोगों ने बताया कि इमामुद्दीन अंसारी और उनके गांव के अब्बास अंसारी पैदल आ रहे थे। इसी क्रम में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। अपराधी भी बाजार में पैदल ही पहुंचे थे और हत्या कर पैदल ही भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ज्वेलरी शॉप में 50 लाख की लूट

### ग्राहक बनकर पहुंचे थे बदमाश

**पटना।** पटना के दानापुर में स्थित जीवा ज्वेलरी शॉप में शुक्रवार को बदमाशों ने 50 लाख की लूट की है। यह घटना सगुना खगौल रोड पर स्थित ज्वेलरी शॉप में हुई।पटना के दानापुर में स्थित जीवा ज्वेलरी शॉप में शुक्रवार को बदमाशों ने 50 लाख की लूट की है। यह घटना सगुना खगौल रोड पर स्थित ज्वेलरी शॉप में हुई। बताया जा रहा है कि शो रूम खुलते ही 6 से ज्यादा बदमाशों ने हथियार के दम पर इस वारदात को अंजाम दिया। ज्वेलरी शॉप के स्टाफ ने बताया कि बदमाश ग्राहक बनकर पहुंचे थे।

**मुंह पर नकाब पहने थे अपराधी**



मैनेजर ने आगे बताया कि अपराधी मुंह पर नकाब पहन हुए थे। लूटपाट कर बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। शॉप के मालिक निखिल ने बताया कि आधा दर्जन हथियारबंद अपराधियों ने शाप में घुस कर लूटपाट कर करीब 40-50 लाख के जेवरात व 27 हजार नगद रूपए लूटपाट कर बाइक सवार अपराधियों फरार हो गए। मौके पर पहुंची कई थाने की पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी है। सिटी एसपी शरथ आर एस ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।

### हॉस्टल में मृत मिला बीटेक का छात्र

**मेरठ।** मेरठ के आईआईएमटी यूनिवर्सिटी गंगानगर के हॉस्टल में रह रहे बीटेक के छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।मेरठ के आईआईएमटी यूनिवर्सिटी गंगानगर के हॉस्टल में रह रहे बीटेक के छात्र निखिल यादव का शव उसके कमरे में रूममेट ने देखा। वह उसे हॉस्पिटल लेकर गया, वहां डॉक्टरों ने बताया कि मौत हुए करीब चार घंटे हो चुके हैं। डॉक्टर हर्ट अटैक से मौत होना बता रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मेरठ के आईआईएमटी यूनिवर्सिटी गंगानगर के हॉस्टल में रह रहे बीटेक के छात्र निखिल यादव का शव उसके कमरे में रूममेट ने देखा। वह उसे हॉस्पिटल लेकर गया, वहां डॉक्टरों ने बताया कि मौत हुए करीब चार घंटे हो चुके हैं। डॉक्टर हर्ट अटैक से मौत होना बता रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार निखिल यादव(17) जिला देवरिया



के गांव नारायणपुर औराई थाना रुद्रपुर का रहने वाला था। वह आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में बीटेक सीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। युनिवर्सिटी के हॉस्टल में रह था। सुबह करीब पांच बजे रूममेट ने उसके जगाया तो देखा निखिल के शरीर में कोई हलचल नहीं थी।

वह अन्य छात्रों के साथ मिलकर उसे हॉस्पिटल लेकर गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और बताया कि मौत हुए करीब चार घंटे हो चुके हैं। निखिल की नाक और मुंह से खून निकल रहा था।

डॉक्टरों ने मौत का करना हर्ट अटैक बताया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिवार में निखिल तीन बहनों का इकलौता भाई था। पिता लालमणि यादव सऊदी अरब में काम करते हैं।

# शटर कटवा गिरोह के दो अपराधियों को 14 साल की जेल

### इन अपराधियों का कई राज्यों में था आतंक

**पटना।** बिहार के कुख्यात अपराधी चेलवा-बेलवा को अदालत ने 14 साल की सजा सुनाई है। बिहार के इन दोनों अपराधियों का कई राज्यों में आतंक था। चेलवा-बेलवा पर देश के विभिन्न राज्यों में सोना-चांदी, घड़ी, लैपटॉप आदि से संबंधित दुकानों में चोरी करने का दर्जन भर से ज्यादा मुकदमा दर्ज है। ये लोग लोहे की रॉड और गाड़ी उठाने वाले जैक के सहारे शोरूम आदि के शटर को उठाकर घटना को अंजाम देते थे। बिहार के इन दोनों अपराधियों का कई राज्यों में आतंक था। एनडीपीएस कोर्ट-2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्त (समीर शाह उर्फ चेलवा एवं सलमान शाह उर्फ बेलवा) को 14 साल का सश्रम कारावास और प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

इन दोनों का आतंक बिहार ही नहीं बल्कि देश के कई राज्यों में फैला था। इस संबंध में मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि चेलवा और बेलवा शटरकटवा गिरोह के नाम से चर्चित हैं। सितंबर 2021 में घोड़ासहन थाना क्षेत्र से वाहन चेकिंग के दौरान इनकी गिरफ्तारी हुई थी। ये लोग नेपाल की ओर से बाइक से भारत में घुसे थे।



तलाशी ली गई थी तो इनके पासे से करीब डेढ़ किलो (1513 ग्राम) चरस को पुलिस ने बरामद किया था। इसके बाद से ही दोनों भाई समीर शाह उर्फ चेलवा एवं सलमान शाह उर्फ बेलवा मोतिहारी सेंट्रल जेल में बंद थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि ये दोनों भाई घोड़ासहन थाना के पकही के रहने वाले हैं।

**गिरोह में 200 के करीब सक्रिय सदस्य**

दूसरी ओर बताया जाता है कि चेलवा-बेलवा के गिरोह में करीब 200 सक्रिय सदस्य हैं। देश के कई राज्यों की पुलिस चोरी की घटनाओं को लेकर अक्सर पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में आती रहती है। घोड़ासहन थाना क्षेत्र भारत-नेपाल सीमा से सटा है। इसके कारण नेपाल में चोरी का सामान बेचने और वहां छुपने में इस गैंग को फायदा मिलता है। चेलवा-बेलवा पर देश भर में चार दर्जन के करीब केस दर्ज हैं।

# श्रद्धालुओं की कार मकान में घुसी, एक घायल

**प्रयागराज।** महाकुंभ से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसी। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई।प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर गूगल मैप के सहारे अयोध्या आ रहे पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की कार ककोली गांव के कोटेदार नीरज सिंह के मकान में अनियंत्रित होकर घुस गई। हादसे में एक श्रद्धालु घायल हो गए। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर गूगल मैप के सहारे अयोध्या आ रहे



पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की कार ककोली गांव के कोटेदार नीरज सिंह के मकान में अनियंत्रित होकर घुस गई। हादसे में एक श्रद्धालु घायल हो गए। शुक्रवार को इस हादसे में दार्जलिंग के सिलीगुड़ी निवासी अमिलेन्दु शाहा (52) का बायां पैर टूट गया है। पक्के मकान का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें रखा तख्त सहित अन्य सामान टूट गया। घायल श्रद्धालु को ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए तारुन सीएचसी भेजा गया है। महाकुंभ से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसी। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई।

## महाकुंभ से लौट रहे छह श्रद्धालुओं की मौत



**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं से भरे श्रद्धालुओं को डंपर ने जोरदार टक्कर मारी। हादसे में कई लोगों की मौत हो गई।जबकि कई घायल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा- तफरी मच गई। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर उसमीकला मोड़ के पास डंपर ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में छह लोगों की मौत की सूचना है। जिसमें दो पुरुष व अन्य महिलाएं शामिल हैं। वहीं कई लोग घायल भी हुए हैं। पिकअप सवार श्रद्धालु महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। सभी गोरखपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मौके पर डीएम आर्यका अखौरी समेत कई अधिकारी पहुंचे हैं।हादसा इतना भीषण था कि शवों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए।




# सेंसेक्स 741 अंक उछला, निफ्टी 23,500 के पार



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 741 अंक उछला जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 का स्तर पार कर गया। लार्सन एंड टुब्रो के तीसरी तिमाही के अनुकूल परिणाम और आर्थिक समीक्षा से वृद्धि तेज करने वाला बजट आने का अनुमान लगने से बाजार को समर्थन मिला।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 740.76 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,500.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.15 अंक तक चढ़ गया था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 258.90 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,508.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 297.3 अंक तक चढ़ गया था।शुक्रवार को संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा 2024-25 में अनुमान जताया गया है कि मजबूत बुनियाद, सूझ-बूझ वाली राजकोषीय मजबूती का खाका और निजी खपत बने रहने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रह सकती है।

**निफ्टी में 136.4 अंक की गिरावट आई**

सेंसेक्स की कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो का शेयर 4.31 प्रतिशत मजबूत हुआ। बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग कंपनी का एकीकृत लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 3,359 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।नेस्ले के शेयर में भी 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4.94 प्रतिशत बढ़कर 688.01 करोड़ रुपये रहने की सूचना से कंपनी का शेयर चढ़ा।इसके अलावा, इंडसइंड बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईटीसी और मारुति भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, आईटीसी होटल्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक नुकसान



में रहे।पूरे जनवरी माह में बीएसई सेंसेक्स 638.44 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 136.4 अंक की गिरावट आई।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। वहीं चीन में शंघाई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग अवकाश के कारण बंद रहे।यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी रही। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त में रहे थे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,582.95 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.64 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 226.85 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी 86.40 अंक लाभ में रहा था।शनिवार को 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इस कारण शेयर बाजार शनिवार को खुले रहेंगे।

# वर्ष 2025 में सोने की कीमतें नीचे आएंगी, चांदी होगी मजबूत

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 में सोने की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 मे यह बात कही गई है।अक्टूबर, 2024 के लिए विश्व बैंक के 'जिंस बाजार परिदृश्य' का हवाला देते हुए, आर्थिक समीक्षा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिंसों की कीमतों में 2025 में 5.1 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।अनुमानित गिरावट तेल की कीमतों के कारण है, लेकिन प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी तथा धातुओं एवं कृषि कच्चे माल के लिए स्थिर दृष्टिकोण से यह कम हो गई है।

आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि कीमती धातुओं में, सोने की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। धातुओं और खनिजों की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण लौह अयस्क और जस्ता कीमतों में कमी आना है।

इसमें कहा गया, ''सामान्य तौर पर, भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं की



कीमतों में गिरावट का रुझान घरेलू मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए सकारात्मक है।''इस बीच, आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि ''अनिश्चितता में वैश्विक वृद्धि ने विदेशी मुद्रा भंडार की संरचना में उतार-चढ़ाव को जन्म दिया है। वर्ष 2024 में सोने की बुलियन होल्डिंग, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपने उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गई है, जो कि मुख्य रूप से उभरते बाजार के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने के संचय से प्रेरित थी।''

वैश्विक कीमतों में वृद्धि, त्योहारी खर्च से पहले शुरुआती खरीद और सुरक्षित-संपत्तियों की मांग की वजह से सोने के आयात में वृद्धि हुई है।

# इलेक्ट्रिक वाहन पर कर छूट

## नवीकरणीय ऊर्जा पर सब्सिडी देने का सुझाव



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर कर छूट और नवीकरणीय ऊर्जा पर सब्सिडी लोगों को कम कार्बन उत्सर्जन वाली जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकती है। संसद में शुक्रवार को पेश 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया है।इसमें कहा गया है कि कम कार्बन वाली जीवनशैली को बढ़ावा देने के कई प्रभावी उपाय हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट-2020 में सार्थक जीवनशैली में बदलाव को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख रणनीतियों की रूपरेखा के साथ सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए कदम सुझाये गये हैं।

# वेदांता का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़कर 3,547 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 76.2 प्रतिशत बढ़कर 3,547 करोड़ रुपये हो गया है। लाभ में यह बढ़ोतरी आय में वृद्धि के कारण हुई है।वेंदांता ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत आय अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 39,795 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में




36,320 करोड़ रुपये थी।कंपनी का कुल खर्च दिसंबर तिमाही में बढ़कर 33,134 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 32,215 करोड़ रुपये था।वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा, "हमारा ईबीआईटीडीए दिसंबर तिमाही में रिकॉर्ड 11,284 करोड़ रुपये रहा है। हमारे प्रमुख व्यवसायों में लागत अनुकूलन और उत्पादन में वृद्धि पर हमारे रणनीतिक फोकस ने हमें यह बेहतर प्रदर्शन जारी रखने में मदद की है।उन्होंने कहा, "उल्लेखनीय रूप से, हमने अपने एल्युमीनियम व्यवसाय में ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय) में 58 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी और हमारे जिंक इंडिया व्यवसाय में 28 प्रतिशत की वृद्धि देखी। उम्मीद है कि हमारी चल रही वृद्धि पहलों और व्यवसाय एकीकरण परियोजनाओं के कारण आने वाली तिमाहियों में यह बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा।"दिसंबर तिमाही के अंत तक कंपनी का सकल ऋण 78,496 करोड़ रुपये था।

# बेटियां लगातार दूसरी बार फाइनल में

## भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से धोया

### ● खिताब के लिए कल दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

एजेंसी | कुआलालंपुर




बेटियां लगातार दूसरे विश्व खिताब से बस एक जीत दूर रह गईं हैं। निकी प्रसाद की अगुआई वाली टीम ने शुक्रवार को अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 30 गेंद रहते नौ विकेट से पराजित किया। पिछली बार 2023 में इंग्लैंड को ही हराकर भारत चैंपियन बना था। रविवार को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। वैष्णवी शर्मा (23/3) की अगुआई में भारतीय स्पिनरों ने इंग्लैंड को आठ विकेट पर 113 रन पर रोक दिया। उसके बाद लक्ष्य जी कामलिनी (56) की अर्धशतकीय पारी से 15 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बनाकर हासिल कर लिया। कामलिनी ने विश्व कप इतिहास का पहला शतक जड़ने वाली तृषा गोंगाडी (35) के साथ पहले विकेट के लिए 60 और सानिका चाकले (11) के साथ दूसरे विकेट के लिए अटूट 57 रन जोड़कर टीम को आसान जीत दिलाई। कामलिनी ने 50 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े। इंग्लैंड के लिए एकमात्र विकेट फोबे ब्रेट ने लिया। उन्होंने तृषा को क्लीन बोल्ड किया।

### भारतीय स्पिनरों ने बड़े स्कोर होने से रोका

इससे पहले इंग्लैंड की टीम एक समय शुरुआती दस ओवर में दो विकेट पर 72 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। पर इसके बाद भारतीय स्पिनरों ने उन्हें बड़े स्कोर से रोक दिया। टीम अगले दस ओवर में 41 रन ही बना पाई और छह विकेट भी गंवाए। परुणिका सिसोदिया ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर इंग्लैंड को दोहरे झटके दिए। इनसे इंग्लैंड की टीम अंत तब उबर नहीं पाई। उसकी टीम बल्लेबाज ओपनर डेविना पेरिन (45), कप्तान अबी नॉरग्रोव (30) और अमु सुरेनकुमार (14 नाबाद) ही दोहरे अंक तक पहुंचीं। आयुषी ने डेविना और अबी की गिल्लियां बिखेंरी। सोसिदिया ने तीन जबकि आयुषी ने दो विकेट चटकाए।

### दक्षिण अफ्रीका की जीत में चमकी वान विक

एशले वान विक (17/4) की उम्दा गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 11 गेंद रहते पांच विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। वान विक की फिरकी में फंसकर ऑस्ट्रेलिया की टीम आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। उसकी दोनों ओपनर 12 रन पर पवेलियन लौट चुकी थी। कप्तान लुसी हैमिल्टन का, सी ब्रे 36 और एला ब्रिस्को ने नाबाद 27 रन की पारी खेलकर स्कोर सौ के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य 18.1 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। जेमा बोथा ने 37, कायला रेनेके ने 26 और कराबो मेसो ने 19 रन बनाए।

### वैष्णवी के विश्व कप में रिकॉर्ड विकेट

मध्य प्रदेश के ग्वालियर की बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गई हैं। वह पांच मैचों में 2.83 की इकोनॉमी और 3.40 की औसत से 15 विकेट चटका चुकी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मैगी क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने पहले ही विश्व कप (2023) में पांच मैचों में 4.20 की इकोनॉमी से 12 विकेट झटके थे। भारत की ही बाएं हाथ की दूसरी स्पिनर आयुषी शुक्ला भी मौजूदा टूर्नामेंट के छह मैच में 3.15 की इकोनॉमी से 12 विकेट ले चुकी हैं।

# निकोल मुंबई इंडियंस के क्षेत्ररक्षण कोच



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर निकोल बोल्टन को शुक्रवार को अपना क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया। डब्ल्यूपीएल 14 फरवरी को वडोदरा में शुरू होगा। निकोल इससे पहले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए सहायक कोच के रूप में काम कर चुकी हैं। मुंबई इंडियंस में वह मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स के साथ काम करेंगी। निकोल ने महिला क्रिकेट में 50 वनडे, तीन टेस्ट मैच और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह वनडे पदार्पण पर शतक बनाने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला बल्लेबाज हैं।

# बुमराह और मंधाना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**बीसीसीआई पुरस्कार**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए बीसीसीआई के पॉली उमरीगर पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार शनिवार को बोर्ड के वार्षिक समारोह में दिए जाएंगे। मंधाना को सर्वाधिक रन बनाने के लिए वनडे अंतरराष्ट्रीय पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने 13 मैच में चार शतक और एक अर्धशतक की बदौलत 57.46 के औसत से 747 रन बनाए। बुमराह को 2024 में कौशल, सटीकता और निरंतरता के साथ शानदार प्रदर्शन करने के लिए आईसीसी का टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर भी चुना गया है। वहीं मंधाना को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।




### अश्विन को विशेष पुरस्कार

पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को विशेष पुरस्कार के लिए चुना गया है। वह टेस्ट में 537 विकेट के साथ भारत के दूसरे और दुनिया के आठवें सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। नवंबर 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय अश्विन ने स्वदेश में लंबे प्रारूप में 12 साल तक भारत के दबदबे में अहम भूमिका निभाई जिस दौरान टीम ने लगातार 18 सीरीज जीती।

### मुंबई क्रिकेट संघ सर्वश्रेष्ठ

मुंबई ने पिछले सत्र में रिकॉर्ड में इजाफा करने वाला 42वां रणजी खिताब जीतने के बाद 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी भी जीती। मंबई मुंबई क्रिकेट संघ को रणजी ट्रॉफी, अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी, अंडर-14 पश्चिम क्षेत्र ट्रॉफी, सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी, महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी, बापुना कप टी-20 टूर्नामेंट और पुरुष अंडर-19 अखिल भारतीय टूर्नामेंट जैसे खिताब जीतने के लिए बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट ट्रॉफी के लिए चुना गया।

### अन्य प्रमुख पुरस्कार

- **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ पदार्पण** : सरफराज खान (पुरुष वर्ग), आशा शोभना (महिला वर्ग)
- **अंतरराष्ट्रीय वनडे में सर्वाधिक विकेट :** दीप्ति शर्मा (महिला वर्ग)
- **घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन :** तनुष कोटियान (पुरुष वर्ग, मुंबई)

# टोगो के खिलाफ भारत दावेदार

**डेविस कप**

एजेंसी | नई दिल्ली



भारतीय टीम डेविस कप के विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में शनिवार को निचली रैंकिंग वाली टीम टोगो के खिलाफ दावेदार के रूप में उतरेगा। मैच कीविजेता टीम सितंबर में विश्व ग्रुप एक में प्रतिस्पर्धा करेगी। शशिकुमार मुकुंद खुद को अघोषित निलंबन से बचाते हुए विजयी वापसी करना चाहेंगे। उन्होंने सितंबर 2023 में डेविस कप में पदार्पण किया था। पिछले साल देश के लिए खेलने से इनकार करके मुकुंद विवादों में फंस गए थे। हालांकि टोगो के खिलाफ मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध कराकर अच्छी समझदारी दिखाई। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की गैर मौजूदगी में मुख्य रूप से ऑस्ट्रिया में अभ्यास करने वाले मुकुंद के लिए अपना पहला डेविस कप मैच जीतने का यह शानदार मौका है। वह लिओवा अयित अजवोन के खिलाफ शुरुआती एकल में जबकि रामकुमार रामनाथन सेटोडजी के खिलाफ दूसरा एकल खेलेंगे। टोगो की टीम में थॉमस सेटोडजी (विश्व रैंकिंग 1256) को छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी ने रैंकिंग हासिल नहीं की है। डेविस कप में रैंकिंग के कोई मायने नहीं है लेकिन इससे टीम की मजबूती का आकलन किया जा सकता है। टोगो ने अपने पिछले 11 से 10 टाई जीते हैं लेकिन उसने शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा नहीं की है। टीम को भारत के खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने खेल के स्तर को काफी ऊंचा उठाना होगा।

करण सिंह मौका हासिल करने से चूक गए लेकिन भारत ने ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली को पदार्पण का मौका दिया है। बोलिपल्ली रविवार को एन श्रीराम बालाजी के साथ युगल में जोड़ी बनाकर थॉमस सेटोडजी और होडअबालो इस्साक पाडियो के खिलाफ उतरेंगे।

# मार्श चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध

एजेंसी | सिडनी



ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनका आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा, मार्श को पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है।

### अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक

पिछले कुछ सप्ताह में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था। उन्हें पूरी तरह फिट होने में अभी समय लगेगा। राष्ट्रीय चयन समिति उनके स्थान पर नए खिलाड़ी का चयन करने के लिए जल्द ही बैठक करेगी। कुछ अन्य रिपोर्टों के अनुसार मार्श का आईपीएल में भी खेलना संदिग्ध है। उन्हें आईपीएल में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम में लिया है।

# एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए 88 सदस्यीय दल को मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली




खेल मंत्रालय ने सात से 14 फरवरी तक चीन के शहर हार्बिन में होने वाले नौवें एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए शुक्रवार को 88 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दी है। इससे दल के आकार को लेकर कई सप्ताह से चल रही अनिश्चितता समाप्त हो गई। दल में अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग, फिगर स्केटिंग, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग (लॉन्ग ट्रैक) जैसे खेलों में 59 खिलाड़ी और 29 टीम अधिकारी शामिल होंगे। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता (एएनएसएफ) योजना के तहत सरकार से पूर्ण वित्त पोषण प्राप्त होगा। हालांकि 23 सदस्यीय पुरुष आइस हॉकी टीम और इस खेल से जुड़े सात सहायक कर्मचारियों की सरकारी खर्चे के बिना भागीदारी को मंजूरी दी गई है।

# मीरा का रिकॉर्ड तोड़ बिंद्यारानी चैंपियन बनीं

**राष्ट्रीय खेल**

एजेंसी | देहरादून



मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक एस बिंद्यारानी देवी (55 किग्रा) ने राष्ट्रीय खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मीराबाई का पसंदीदा वजन वर्ग हालांकि 49 किग्रा है। उन्होंने कुछ समय के लिए 55 किग्रा में भाग लिया था। बिंद्यारानी का दबदबा क्लीन एवं जर्क में भी जारी रहा, जहां उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 113 किग्रा वजन उठाकर वापसी की। इस तरह से उन्होंने कुल 201 किग्रा वजन उठाया जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 202 किग्रा से सिर्फ एक किलोग्राम कम है।

# श्रीकांत का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा



एजेंसी | बैंकॉक

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। श्रीकांत को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुक्रवार को चीन के छठी वरीयता प्राप्त झेंग जिंग वांग के हाथों मात्र 35 मिनट में 17-21, 16-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम भी हारकर बाहर हो गए।

# याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर वैशाली से माफी मांगी

एजेंसी | विज्क आन ज़ी



ग्रैंडमास्टर आर वैशाली से टाटा स्टील मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दौरान धार्मिक कारणों से हाथ नहीं मिलाने के बाद विवादों से घिरे उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी नोदिरबेक याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर भारतीय खिलाड़ी से माफी मांगी है। याकुबोएव ने टूर्नामेंट से इतर वैशाली से मुलाकात की और उनसे माफी मांगी। इस दौरान वैशाली के छोटे भाई ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और मां नागलक्ष्मी भी उपस्थित थी। उन्होंने कहा, मैच के बाद उनके वैशाली के साथ हाथ नहीं मिलाने के कारण पैदा हुए विवाद पर उन्हें पछतावा है। याकुबोएव ने 'चेसबेस इंडिया' द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो में वैशाली से कहा, जो कुछ हुआ, उसके लिए मुझे खेद है। हम दोनों के लिए यह अजीब स्थिति थी। मैं उस दिन जल्दी में था और सचमुच भूल गया। मैं आप दोनों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## मुंबई के मैदानों से

### तिहरे खिताब की ओर किरण सालियान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अंधेरी खेल संकुल पर खेले जा रहे आईएमपीटीटी राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में महाराष्ट्र के किरण सालियान ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए तीन वर्गों के खिताबी दौर में जगह बनाई। पुरुष 49+ वर्ग के एकल सेमीफाइनल में किरण सालियान ने समीर भाटे को 3-2 से और पुरुषों के युगल सेमीफाइनल में किरण ने समीर भाटे के साथ मिलकर डा. तोश्नीवाल और आत्माराम गान्गर्डे की जोड़ी के 3-0 से मात दी और फाइनल का सफर तय किया। इसके अलावा महाराष्ट्र ए की ओर से किरण सालियान ने समीर भाटे, तेजस नाईक और राजेश सिंह की टीम ने फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका मुकाबला महाराष्ट्र की बी टीम से होगा।

### घुड़दौड़ : मैगलेटो बेहतर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शनिवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित आठ दौड़ों के कार्यक्रम के साथ इंडियन डर्बी सप्ताहंत की शुरुआत हो रही है। दिन की मुख्य दौड़ डा. एस सी जैन स्प्रिन्टर्स चैंपियनशिप में फर्राटा दौड़ों के विशेषज्ञ आठ घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। फॉर्म में चल रहे अमन अल्ताफ द्वारा प्रशिक्षित मैगलेटो बेहतर स्थिति में है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न् दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- मूनलाईट किस (प्र.), मोमेन्ट ऑफ मैडनेस (द्वि.), 2- एस्कोनिडो (प्र.), यूलेटाईड (द्वि.), 3- ब्ल्यु बर्ड (प्र.), एलोक्वेन्ट (द्वि.), 4- अतातुर्क (प्र.), एलारिकस (द्वि.), 5- मैगलेटो (प्र.), ऑयरिश गोल्ड (द्वि.), 6- एक्साईटिन्ग (प्र.), बी मैजिकल (द्वि.), 7- चागल (प्र.), एन्जलो (द्वि.), 8- एमाडेव (प्र.), फ्लैशमेन (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- ब्ल्यु बर्ड।

# आमिर खान की मिस्ट्री पार्टनर

भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता आमिर खान अक्सर अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अपनी लव लाइफ की वजह से वह एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहे हैं। खबर है कि 59 साल की उम्र में आमिर को एक बार फिर प्यार मिल गया है। कहा जा रहा है कि वह एक महिला के साथ गंभीर रिश्ते में हैं और यह महिला मुंबई नहीं, बल्कि बेंगलुरु की रहने वाली हैं।



### निजी जिंदगी को गुप्त रखना चाहते हैं आमिर

रिपोर्ट के अनुसार, आमिर कथित तौर पर एक रहस्यमयी महिला के साथ गंभीर रिश्ते में हैं। इतना ही नहीं, वह अपने परिवार से भी उस महिला को मिलवा चुके हैं। एक सूत्र ने बताया कि आमिर की मिस्ट्री पार्टनर बेंगलुरु से है। हमें उनकी निजता का सम्मान करना चाहिए और व्यक्तिगत विवरण नहीं बताना चाहिए, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि आमिर ने हाल ही में उस महिला को अपने पूरे परिवार से मिलवाया।

### आमिर की शादियां और तलाक

आमिर ने 1986 में निर्देशक रीना दत्ता से शादी की थी। उस समय उनकी उम्र 21 साल थी। रीना ने आमिर से शादी के कुछ समय बाद एक बेटे जुनैद और बेटी आइरा को जन्म दिया। दुर्भाग्यवश शादी के 16 साल बाद दोनों ने तलाक ले लिया। इसके बाद 2005 में आमिर ने जानी-मानी निर्देशक किरण राव से शादी रचाई। 2011 में उनका बेटा हुआ था, जिसका नाम आजाद है। जुलाई, 2021 में आमिर-किरण की राहें जुदा हो गई थीं।

# 'मेरे हस्बैंड की बीवी' में अर्जुन, रकुल और भूमि की दिखी तिकड़ी

अर्जुन कपूर पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में दिखे थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की, लेकिन अर्जुन ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब अर्जुन फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। अर्जुन फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर के साथ दिखेंगे। अब 'मेरे हस्बैंड की बीवी' का नया पोस्टर सामने आ गया है।






### कब रिलीज होगी यह फिल्म?

पोस्टर में भूमि, रकुल और अर्जुन की तिकड़ी दिख रही है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं। 'मेरे हसबैंड की बीवी' की कहानी प्रेम त्रिकोण पर आधारित होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है, जिन्हें 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।



# ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटाया गया



भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी इन दिनों खूब चर्चा में हैं। दरअसल, हाल ही में ममता ने प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया और किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गईं। हालांकि, उन्होंने अपने सिर नहीं मुंडवाया, जिसे लेकर किन्नर अखाड़े में विवाद हो रहा है।

अब इस बीच महाकुंभ में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ममता को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है।

### अखाड़े से निकाला गया

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिर ना मुंडवाने के भारी विवाद के बाद ममता को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। साथ ही ममता को अखाड़े से भी बाहर कर दिया गया है। इतना ही नहीं, आखड़े की आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की भी आचार्य महामंडलेश्वर के पद से छुट्टी कर दी है। उन्हें भी अखाड़े से निकाल दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले महाकुंभ में ममता ने संन्यास की घोषणा की थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोच्चि में ऑपरेशन क्लीन के तहत की गई बड़ी कार्रवाई

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में अवैध तरीके से रहने और नौकरी करने आरोप में 27 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस और आतंकवाद निरोधी दस्ता द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान के तहत एर्नाकुलम के परावुर क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी नागरिक पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों की आड़ में विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि फिलहाल गिरफ्तार लोगों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### पं. बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**परगना।** प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी में अज्ञात हमलावरों ने शुक्रवार दोपहर तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय कार्यकर्ता संतोष यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। सिर में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के वक्त संतोष यादव गौरीपुर इलाके से गुजर रहे थे। गोलीबारी की शुरुआत के दौरान वह एक हमलावर से रिवॉल्वर छीनने में कामयाब रहे। इसके बाद अन्य बदमाशों ने उस पर चार गोलियां बरसा दीं। एक गोली उसके सिर में लगी। साथ ही मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यादव को नैहाटी स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### प्रेमी के हमले में घायल 19 साल की लड़की की मौत

**कोच्चि।** केरल से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर उस 19 वर्षीय लड़की की मौत हो गई, जिसका दो दिन पहले उसके प्रेमी ने उसके घर पर यौन शोषण किया था। इसके बाद लड़की पर क्रूरतापूर्वक हमला किया था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल, पोक्सो मामले में जीवित बची लड़की सोमवार को चोट्टानिकारा स्थित अपने घर में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पायी गयी थी। उसे उसी दिन यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर पर थी। पुलिस अधिकारी ने इस मामले को लेकर बताया कि शुक्रवार दोपहर में उसकी मौत हो गई। इस मामले में 20 वर्षीय प्रेमी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। चोट्टानिकारा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जांच और पोस्टमार्टम पूरा होने तथा संबंधित डॉक्टरों के बयान दर्ज होने के बाद युवक पर हत्या का मामला दर्ज किया जा सकता है।

### जम्मू-कश्मीर में बार काउंसिल की मांग वाली याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और अन्य से जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में बार काउंसिल की मांग वाली जनहित याचिका पर जवाब मांगा। मामले में जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कश्मीर एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जाविद शेख की दलीलों पर गौर किया और केंद्र, बीसीआई और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी किए।

## दिल्ली का दंगल

# केजरीवाल के 7 विधायकों का इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

- टिकट ना मिलने से थे नाराज





**रोहित मेहरोलिया**
त्रिलोकपुरी



**राजेश ऋषि**
जनकपुरी



**मदनलाल**
कस्तूरबा नगर



**पवन शर्मा**
आदर्श नगर



**भावना गौड़**
पालम



**भूपेंद्र सिंह जून**
बिजवासन



**नरेश यादव**
मेहरौली

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से 5 दिन पहले आम आदमी पार्टी (AAP) के 7 मौजूदा विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने और AAP में भ्रष्टाचार को इस्तीफे की वजह बताई। महरौली से 2 बार के पार्टी विधायक नरेश यादव ने कहा, 'AAP का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि AAP ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

### भाजपा पर विधायकों को लालच देने का आरोप

उधर, विधायकों के पार्टी से इस्तीफे पर AAP विधायक ऋतुराज झा ने भाजपा पर विधायकों को लालच देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मुझे भी पार्टी छोड़ने का लालच दिया गया था। लेकिन मैं आखिरी दम तक AAP में रहूंगा।' AAP ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होना है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

### विधायकों ने ये बताई इस्तीफे की वजह

- नरेश यादव, महरौली: सीट से विधायक रहे यादव ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में हैं। दिल्ली की जनता जानती है कि AAP ने भ्रष्टाचारियों को ही पार्टी में शामिल कर लिया है।
- पवन शर्मा, आदर्श नगर: आम आदमी पार्टी जिस विचारधारा पर बनी थी, उस विचारधारा से भटक चुकी है। AAP की दुर्दशा देख कर मन बहुत दुखी है।
- भूपेंदर सिंह जून, बिजवासन: आम आदमी पार्टी (AAP) की स्थापन जिन मूल्यों पर की गई थी, अब उन नैतिक मानदंडों की घोर उपेक्षा चिंताजनक है। पार्टी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को टिकट दिया।
- मदनलाल, कस्तूरबा नगर: मेरा आम आदमी पार्टी से भरोसा पूरी तरह से खत्म हो चुका है, इसलिए मैं पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।
- रोहित मेहरौलिया, त्रिलोकपुरी: जिन्हें बाबासाहब अंबेडकर की केवल फोटो चाहिए, उनके विचार नहीं, ऐसे मौका-परस्त और बनावटी लोगों से आज से मेरा नाता खत्म। मैं AAP की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा देता हूं।
- राजेश ऋषि, जनकपुरी: AAP भ्रष्टाचार मुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित थी। पार्टी से मैंने इन मूल्यों से एक महत्वपूर्ण दूरी देखी है। पार्टी करप्शन और भाई-भतीजावाद का कटोरा बन गई है।
- भावना गौड़, पालम: मेरा पार्टी से विश्वास पूरी तरह से खत्म हो चुका है, इसलिए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।

## वायनाड में पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी



**एजेंसी | वायनाड**

केरल के वायनाड में शुक्रवार सुबह पूकोडे स्थित एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद परिसर की सघन जांच की गई। बम और डॉग स्क्वॉड ने संस्थान की गहन तलाशी ली, पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बाद में पुलिस ने इसे झूठी खबर करार दिया।

### निवेदिता पृथ्वीराज नाम के एक अकाउंट से एक ईमेल आया

केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति के एस अनिल के अनुसार, उनके और रजिस्ट्रार के आधिकारिक आईडी पर निवेदिता पृथ्वीराज नाम के एक अकाउंट से एक ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय और चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में आईईडी रखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'बम रखने का कारण अफजल गुरु की अनुचित फांसी बताया गया। इसमें कहा गया कि बम टी मारन नामक एक नक्सली नेता ने रखे थे। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया और उन्होंने संस्थान की तलाशी के लिए बम और डॉग स्क्वॉड को मोर्चा सौंप दिया।' जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी में कुछ भी नहीं मिला और ईमेल लोगों में दहशत पैदा करने के लिए भेजा गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।




## देश का पहला वर्टिकल लिफ्टअप ब्रिज, 2 किमी लंबा

- नीचे से कोस्ट गार्ड की बोट निकली

**एजेंसी | रामेश्वरम**

तमिलनाडु के रामेश्वरम में बने नए पम्बन रेलवे ब्रिज पर शुक्रवार को रामेश्वरम एक्सप्रेस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। ट्रेन को मंडपम से रामेश्वरम रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया। इसमें कोई यात्री नहीं था। 2 साल बाद ट्रेन सेवा फिर से शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी है। इसके अलावा वर्टिकल लिफ्ट अप ब्रिज को पहली बार इंडियन कोस्ट गार्ड की पेट्रोलिंग बोट के लिए ऊपर उठाया गया।

### इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल

पम्बन ब्रिज इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल है। ये ब्रिज 2 किमी लंबा है, जो बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। इसे मौजूदा पम्बन ब्रिज के समानांतर बनाया गया है। इसमें समुद्र के पार 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 स्पैन 18-3 मीटर और एक स्पैन 72-5 मीटर माप का है। पम्बन ब्रिज देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट अप ब्रिज है, जो 531 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। ये ब्रिज रामेश्वरम को तमिलनाडु की मुख्य भूमि से जोड़ता है।

### पहले 2 ट्रायल रन हुए

दक्षिण रेलवे ने 12 जुलाई, 2024 को नए पम्बन ब्रिज पर लाइट इंजन ट्रायल रन किया था, जिसमें पुल की संरचनात्मक अखंडता और विश्वसनीयता की पुष्टि की गई। 4 अगस्त, 2024 को आयोजित टावर कार ट्रायल रन के साथ, ब्रिज के पार रामेश्वरम स्टेशन तक एक ओएचई (ओवरहेड उपकरण) टावर कार का संचालन किया गया।

## इस साल फरवरी से ही कहर बरपाएगी गर्मी

- बदलते मौसम को लेकर IMD ने जारी किया अलर्ट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी के गर्म और शुष्क रहने के बाद, फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।




फरवरी में बारिश 22.7 मिमी की लंबी अवधि के औसत (1971-2020) के 81 प्रतिशत से कम होने की संभावना है।

### सामान्य से कम बारिश होने की संभावना

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पश्चिम-मध्य, प्रायद्वीपीय और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में फरवरी में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। इसी तरह, पश्चिम-मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक आगे बताया कि भारत में जनवरी में औसतन 4.5 मिमी बारिश हुई, जो 1901 के बाद से चौथी सबसे कम और 2001 के बाद तीसरी सबसे कम बारिश है। जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद से इस महीने का तीसरा सबसे अधिक तापमान था, जो 1958 और 1990 के बाद सबसे अधिक था। भारत ने 1901 के बाद से अपना सबसे गर्म अक्तूबर 2024 में भी दर्ज किया।

# दाहोद में भीड़ ने महिला को पीटा

- निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया

**एजेंसी | अहमदाबाद**

गुजरात के दाहोद में एक महिला को उसके ससुर के नेतृत्व में भीड़ ने पीटा और उसे निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया। महिला पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया गया है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना



28 जनवरी की है पुलिस अधीक्षक राजदीपसिंह जाला ने कहा, ₹15 लोगों के खिलाफ 29 जनवरी को मामला दर्ज किया गया। हमने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें चार पुरुष, चार महिलाएं और चार किशोर शामिल हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद हमने महिला को बचाया। उसे उसके ससुर ने घर में बंद कर दिया था।₹

### पीड़िता पर अफेयर का संदेह

पीड़िता का गांव के एक व्यक्ति से अफेयर था। घटना वाले दिन वह उस व्यक्ति से मिलने गई थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के ससुर बहादुर डामोर और उसके पति के भाई संजय डामोर के नेतृत्व में कुछ महिलाओं के साथ भीड़ ने उस व्यक्ति के घर पर धावा बोल दिया। भीड़ ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे आंशिक रूप से निर्वस्त्र कर दिया। पीड़िता के हाथ-पैर को जंजीर से बांधकर उसे पूरे गांव में घूमने के लिए मजबूर किया गया। एफआईआर में आगे बताया गया कि पीड़िता घर में बंद करने से पहले उसे मोटरसाइकिल से बांधकर मुख्य सड़क तक घसीटा गया। इस घटना को लेकर विपक्षी पार्टियां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भाजपा को घेरा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और सरकार के प्रवक्ता रुशिकेश पटेल ने गांधीनगर में इस घटना को लेकर पत्रकारों से बात की।

## अब तेलंगाना में भी आया GBS का मामला

**एजेंसी | हैदराबाद**

तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले की एक महिला को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) का पता चला है। इसका प्रकोप मौजूदा समय में पुणे और आसपास के इलाकों में अधिक है। तेलंगाना में यह पहला मामला है। शुक्रवार को केआईएमएस अस्पताल द्वारा जारी एक बयान के अनुसारमरीज का पुणे का कोई यात्रा इतिहास नहीं है। महिला का पहले कुछ हफ्तों तक दूसरे अस्पताल में इलाज कराया गया, लेकिन वहां उसकी हालत खराब होने लगी। इसके बाद उसे केआईएमएस में



स्थानांतरित किया गया। महिला की हालत को देखते हुए उसका इलाज वेंटिलेटर सपोर्ट पर किया जा रहा है। सिद्दीपेट के जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह मामला प्रशासन के संज्ञान में नहीं आया है।

## भारत बना दुनिया में सबसे बड़ा बाघ आवास क्षेत्र



**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में बाघों के रहने वाले क्षेत्रों में बीते दो दशकों में 30 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह दुनिया में बाघों का कब्जाया अब-तक का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यह खुलासा देहरादून के भारतीय वन्य जीव संस्थान और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में हुआ है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, भारत में अब बाघ लगभग 1,38,200 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहते हैं।

### हर साल लगभग 2,929 वर्ग किलोमीटर बढ़ा बाघ क्षेत्र

शोधकर्ताओं के मुताबिक, अध्ययन के लिए उन्होंने 3.8 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक बाघ आवास क्षेत्र का विश्लेषण किया। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर बाघ निगरानी डाटा का भी इस्तेमाल किया। इस विश्लेषण में पाया गया कि बीते दो दशकों में बाघों के क्षेत्रफल में हर साल लगभग 2,929 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई, जिससे कुल वृद्धि 30 फीसदी तक पहुंच गई। हालांकि, अभी भी भारत में बाघों के मौजूदा आवास का 45 फीसदी हिस्सा लगभग 6 करोड़ लोगों के साथ साझा किया जा रहा है।

## दिल्ली में रह रहे रोहिंग्याओं का सुप्रीम कोर्ट ने मांगा ब्यौरा



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में रोहिंग्याओं के रहने के स्थान के संबंध में ब्योरा मांगा। शीर्ष अदालत ने यह जानकारी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान मांगी जिसमें रोहिंग्याओं के बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ के वकील कॉलिन गोंजाल्विस से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि रोहिंग्या कहां रह रहे हैं और उनके रहने के कौन से इलाके हैं।

### रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव ने जनहित याचिका दायर की

एनजीओ रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव ने जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से 23 दिसंबर, 2024 को जारी किए गए उस सर्कुलर को रद्द करने की मांग की है जिसमें सरकारी स्कूलों में रोहिंग्या शरणार्थियों के बच्चों को दाखिला देने पर रोक लगाई गई है। याचिकाकर्ता संगठन ने कोर्ट से दिल्ली सरकार को यह निर्देश जारी करने का आग्रह किया कि वह सभी रोहिंग्या बच्चों को मुफ्त में दाखिला दे, चाहे परिवार के पास आधार कार्ड हो या न हो। हालांकि पीठ ने एनजीओ से हलफनामा मांगा और मामले की सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में तय कर दी।

## सर्वोच्च न्यायालय ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मामले को किया खारिज



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक व्यक्ति के खिलाफ मामला खारिज करते हुए कहा कि कथित घटना सार्वजनिक तौर पर नहीं हुई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के अनुसार, किसी अपराध के होने के लिए यह स्थापित होना जरूरी है कि आरोपी ने सार्वजनिक तौर पर किसी जगह पर एससी या एसटी के किसी सदस्य को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित या धमकाया हो।

### मद्रास HC के आदेश को दी गई थी चुनौती

शीर्ष अदालत ने एफआईआर का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि कथित घटना शिकायतकर्ता के चैंबर के चारों कोनों में हुई और घटना के बाद उसके अन्य सहयोगी वहां पहुंचे। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश को चुनौती देने वाले एक व्यक्ति की तरफ से दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने तिरुचिरापल्ली की एक निचली अदालत के समक्ष कार्यवाही को रद्द करने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि सितंबर 2021 में व्यक्ति ने भूमि के 'पट्टे' में नाम शामिल करने के संबंध में अपने पिता के नाम पर दायर याचिका की स्थिति के बारे में पूछताछ करने के लिए शिकायतकर्ता, एक राजस्व निरीक्षक से संपर्क किया। कथित झगड़े के बाद, अपीलकर्ता ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के कार्यालय में उस पर जातिगत गालियां दीं।